



वर्ष-36 अंक-136 | रायपुर, गुरुवार 02 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com


### दशहरा पर्व की बधाई

दैनिक समवेत शिखर परिवार की ओर से सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं समस्त देशवासियों को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

**संपादक**

### अवकाश सूचना

दशहरा पर्व के अवसर पर दैनिक समवेत शिखर के समस्त कार्यालयों में गुरुवार 02 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अगला अंक शनिवार 04 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा।

**महाप्रबंधक**

## फर्स्ट कालम

### राष्ट्रपति ने विजयादशमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विजयादशमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्टपति ने अपने संदेश में कहा है, विजयादशमी के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देती हूँ। अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। देश के विभिन्न भागों में रावण दहन और दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाने वाला यह पर्व हमारे राष्ट्रीय मूल्यों को दर्शाता है। यह पर्व हमें क्रोध और अहंकार जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों का त्याग करके साहस और दृढ़ संकल्प जैसी सकारात्मक प्रवृत्तियों को अपनाने की शिक्षा भी देता है।

### बरेली हिंसा पर यूपी पुलिस का शिकंजा, मुख्य साजिशकर्ता समेत 81 गिरफ्तार

**बरेली।** 'आई लव मोहम्मद' विवाद को लेकर मचे बवाल के बीच, उत्तर प्रदेश पुलिस ने इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव नफीस खान और उनके बेटे फरमान खान को 26 सितंबर को बरेली में हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 81 हो गई है। पुलिस के अनुसार, फरमान आईएमसी का फेसबुक पेज संभालता था। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने बताया कि नफीस और उनके बेटे ने खुलासा किया है कि सभी लोग इस साजिश में शामिल थे।

### सौ साल में आरएसएस ने देश को फायदा पहुंचाने वाला कोई काम नहीं किया : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) 100 साल का हो चुका है लेकिन अपनी स्थापना से अब तक उसने कोई ऐसा काम नहीं किया जिससे देश को फायदा हुआ है। कांग्रेस ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया पर एक बयान में संघ पर अंग्रेजों का मुखबिर होने का आरोप लगाया और कहा कि इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया है। पार्टी ने कहा कि संघ का आज शताब्दी वर्ष है लेकिन इन सौ वर्षों में इस संगठन ने एक भी काम ऐसा नहीं किया जिससे देश को नुकसान छोड़ कोई फायदा पहुंचाया हो। पार्टी ने संघ को देश को बांटने वाला संगठन बताया और कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान उसके नेता न जेल गए और न ही अंग्रेजों ने उस पर कभी प्रतिबंध लगाया था।

**मोदी कैबिनेट का फैसला : 1 जुलाई से लागू, 3 महीने का एरियर मिलेगा**

# केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3% बढ़ा, 49 लाख कर्मचारी, 68 लाख पेंशनर्स को फायदा

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्र ने दिवाली और दशहरा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 परसेंट की बढ़ोतरी कर दी है। यह इजाफा एक जुलाई से लागू होगा। कर्मचारियों को 3 महीने का एरियर मिलेगा।

यह फैसला बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में लिया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55% से बढ़कर 58% हो जाएगा। इसका लाभ 49.2 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.7 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। इससे केंद्र सरकार के खजाने पर 10,084 करोड़ रुपए का भार आएगा।

**6 महीने पहले 2% महंगाई भत्ता बढ़ाया था :** मार्च महीने में महंगाई भत्ते में 2% की बढ़ोतरी की गई थी। तब यह 7 साल में सबसे कम इजाफा था। आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3% से 4% के बीच होती है, लेकिन उस वक्त बढ़ोतरी सिर्फ 2% की गई थी।



**महंगाई से निपटने के लिए दिया जाता है डीए :** महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए महंगाई भत्ता यानी, डीए दिया जाता है। डीए की दरें ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (एआईसीपीआई) के आधार पर तय होती हैं, और यह हर 6 महीने में अपडेट होती है।

**ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स क्या है?:** भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरा थोक महंगाई। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है।

### गेहूं का नया एमएसपी 2582 रुपए हुआ, बीते साल से 160 रुपए का हुआ इजाफा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रबी फसल वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं सहित चुनींदा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए एमएसपी में वृद्धि को हरी झंडी दिखाई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गेहूं का एमएसपी 2585 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। इसके अलावा जौ का एमएसपी 2150 रुपए प्रति क्विंटल, चना 5875 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रुपए प्रति क्विंटल, सरसों /रेपसीड 6200 रुपए प्रति क्विंटल और सैफफ्लावर (कुसुम) का एमएसपी 6540 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। अगर साल रबी फसल वर्ष 2025-26 से तुलना करें तो गेहूं के एमएसपी में 160 रुपए प्रति क्विंटल का इजाफा किया गया है। इसी तरह जौ में 170 रुपए, चने में 225 रुपये, मसूर में 300 रुपए, सरसों में 250 रुपए और सैफफ्लावर के एमएसपी में 600 रुपए क्विंटल का इजाफा कर दिया गया है। तिलहन में सबसे ज्यादा एमएसपी सैफफ्लावर का बढ़ाया गया है जबकि दलहन में मसूर का एमएसपी सबसे अधिक किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में गेहूं की लागत 1239 रुपए आंकी गई है और नये एमएसपी 2585 के हिसाब से किसान को लागत का 109 प्रतिशत अधिक भाव मिलेगा।

### कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

**57 नए केंद्रीय विद्यालयों की मंजूरी :** कैबिनेट बैठक में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी गई है। इसमें से 7 गृह मंत्रालय के अंतर्गत आएंगे। वहीं 50 विद्यालयों को राज्य सरकार संभालेगी। इनमें से 20 स्कूल उन जिलों में खोले जाएंगे जहां पहले से कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है।

**नेशनल हाइवे-715 के चौड़ीकरण योजना को मंजूरी :** कैबिनेट ने एनएच-715 पर कालिबोर-नुमालीगढ़ के बीच 86 किलोमीटर लंबे रास्ते को फोर-लेन बनाने की मंजूरी दी। ये हाइवे तेजपुर और झांजी को जोड़ता है। फिलहाल, इस पर कुछ दूरी दो लेन की है। इस पर 6,967 करोड़ रुपए खर्च आएगा।

**बायोमेडिकल रिसर्च प्रोग्राम को बढ़ावा :** बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिली है, जिसपर 1,500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पहले दो फेज पूरे हो चुके। जिस पर सरकार ने कुल 2,388 करोड़ रुपए खर्च किए थे और 721 अनुदान जारी किए थे। थर्ड फेज के तहत 401 रिसर्चर को 6 साल तक सपोर्ट। इसमें 192 रिसर्च फेलोशिप, 106 अनुदान और 103 रिसर्च मैनेजमेंट शामिल है।

# रायपुर, बिलासपुर कोरबा और दुर्ग में पीपीपी मॉडल पर बनेंगे सर्वसुविधायुक्त वृद्धाश्रम

**वृद्धजनों के सम्मान और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री साय**

- अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर रायपुर में राज्य स्तरीय आयोजन
- बुजुर्गों की विशेष देखभाल के लिए राज्य में सियान गुड़ी



**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि वृद्धजन हमारे मार्गदर्शक और अमूल्य संस्कृति के वाहक हैं। वृद्धजनों की देखभाल सरकार और समाज दोनों की साझी जिम्मेदारी है। केंद्र और राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के पेंशन, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानपूर्ण जीवन के लिए समर्पित योजनाओं को लगातार मजबूत बना रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय बुधवार को राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कृषि मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के राज्य स्तरीय आयोजन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वृद्धजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने बुजुर्गों की विशेष देखभाल के लिए राज्य में सियान गुड़ी, प्रदेश के चार बड़े शहरों रायपुर, बिलासपुर कोरबा और दुर्ग में पीपीपी मॉडल पर सर्वसुविधायुक्त वृद्धाश्रम बनाने और दिव्यांगजनों के सहायक उपकरणों के रिपेयरिंग के लिए राजधानी रायपुर में सर्विस सेंटर बनाने की घोषणा की। श्री साय ने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राज्यभर में जागरूकता हेतु 25 नशामुक्ति रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं नृत्य प्रस्तुति दी गई और स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वृद्धजन दिवस हमें अपने दायित्वों को याद दिलाने का अवसर है। मेरे गुरु ने मुझे सिखाया है कि माता-पिता की सेवा ही ईश्वर की पूजा है। मैंने अपने गुरु के संस्कार और आदर्शों का हमेशा पालन किया है। श्री साय ने कहा कि हम सभी को यह सच्चाई नहीं भूलनी चाहिए कि आज हमारे बुजुर्ग जिस अवस्था में है, कल हम सभी उसी अवस्था में होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय और अतिथियों ने जनता से अपील की कि वे वृद्धजनों का सम्मान करें और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें, ताकि उनका जीवन और अधिक सुरक्षित, सम्मानजनक और खुशहाल बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बुजुर्गों के लिए संचालित पेंशन योजनाओं में 14 लाख से बुजुर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। आयुष्मान भारत और शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अब तक 8 लाख से अधिक बुजुर्गों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना और श्री रामलला दर्शन योजना से 50 हजार से अधिक बुजुर्ग लाभान्वित हुए हैं। *(शेष पेज-4 पर)*

# संघ ने देश के सामने आने वाली हर चुनौतियों का डटकर सामना किया : पीएम मोदी

**पीएम मोदी आरएसएस के शताब्दी समारोह में शामिल हुए**



**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपनी प्राथमिकताओं को राष्ट्र की प्राथमिकताओं के साथ संरेखित करते हुए हर युग में देश के सामने आने वाली बड़ी चुनौतियों का डटकर सामना किया है।

श्री मोदी ने बुधवार को यहां आरएसएस के शताब्दी समारोह में कहा कि गुरुवार को विजयादशमी का महापर्व है जो भारतीय संस्कृति के शाश्वत उद्घोष का प्रतीक है। ऐसे ही पावन अवसर पर शताब्दी वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना कोई संयोग नहीं है। उन्होंने कहा कि यह हजारों वर्षों से चली आ रही एक प्राचीन परंपरा का पुनरुद्धार है जिसमें राष्ट्रीय चेतना प्रत्येक युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए नए रूपों में प्रकट होती है। उन्होंने इस उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया है। 100 रुपये के इस सिक्के पर एक ओर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न और दूसरी ओर स्वयंसेवकों द्वारा सलामी दिए जा रहे सिंह के साथ वरद मुद्रा में भारत माता की भव्य छवि अंकित है।

श्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में संभवतः यह पहली बार है जब भारत माता की छवि भारतीय मुद्रा पर दिखाई दी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि 1963 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने देशभक्ति की धुनों पर ताल से ताल मिलाते हुए बड़े गर्व के साथ परेड में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि यह डाक टिकट उस ऐतिहासिक क्षण की स्मृति को समेटे हुए है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार महान नदियाँ अपने तटों पर मानव सभ्यताओं का पोषण करती है उसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी असंख्य जीवन को पोषित और समृद्ध किया है। एक नदी जो अपने माध्यम से बहने वाली भूमि, गाँवों और क्षेत्रों को आशीर्वाद देती है इसी प्रकार संघ ने भारतीय समाज के हर क्षेत्र और राष्ट्र के हर क्षेत्र को छुआ है। श्री मोदी ने कहा कि संघ के अनेक धाराओं में विस्तार के बावजूद उनमें कभी विभाजन नहीं हुआ। श्री मोदी ने कहा कि अपनी स्थापना के समय से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक महान उद्देश्य - राष्ट्र निर्माण - को अपनाया है। उन्होंने कहा कि संघ अपनी स्थापना के समय से ही देशभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि विभाजन के कष्टदायक दौर में जब लाखों परिवार विस्थापित हुए थे, स्वयंसेवक सीमित संसाधनों के बावजूद शरणार्थियों की सेवा में सबसे आगे खड़े रहे। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि यह केवल राहत कार्य नहीं था, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को मज़बूत करने का कार्य था। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में भी पंजाब में बाढ़, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आई आपदाओं और केरल के वायनाड में हुई त्रासदी जैसी आपदाओं में स्वयंसेवक सबसे पहले राहत पहुंचाने वालों में से हैं। *(शेष पेज-4 पर)*

### अगला डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन छत्तीसगढ़ में, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन अगले महीने छत्तीसगढ़ में आयोजित होगा, जहां आंतरिक सुरक्षा, नक्सलियों के खिलाफ जारी अभियानों और साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक, 28 नवंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन के 60वें संस्करण का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे, जबकि समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शिरकत करने की संभावना है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) रैंक के लगभग 250 अधिकारी बैठक में शामिल होंगे, जबकि 200 से अधिक अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसमें भाग लेंगे। इस वर्ष सम्मेलन के दौरान विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में, राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों के संयुक्त अभियानों ने हाल के महीनों में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सम्मेलन में इन उपलब्धियों को और आगे बढ़ाने तथा नई रणनीतियां बनाने के तौर-तरीकों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

# तीनों सेनाओं के एकीकरण में बजटीय संतुलन बनाए रखते हुए सक्रिय योगदान दें रक्षा लेखा विभाग : राजनाथ



**नई दिल्ली (ए)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण के लिए चल रही कवायद के बीच रक्षा लेखा विभाग से उनकी जरूरतों के अनुसार बजटीय समीकरणों को बनाये रखते हुए इस महत्वपूर्ण पहल में सक्रिय योगदान देने को कहा है।

श्री सिंह ने बुधवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के 278 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा लेखा विभाग की तीनों सेनाओं तक पहुंच है और उन्हें तीनों की जरूरतों के बारे में भलीभांति पता है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब तीनों सेनाओं में एकीकरण का काम तेजी से चल रहा है तो लेखा विभाग को इस काम को सरल तथा प्रभावी बनाने के लिए अपनी भूमिका को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लेखा विभाग के समक्ष यह चुनौती है कि वह अनुसंधान और विकास की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बजटीय समीकरणों को बरकरार रखे और एकीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाये। उन्होंने कहा , आज के समय में अनुसंधान और विकास की जो जरूरत है उसको देखते हुए रक्षा लेखा विभाग के पास एक बड़ी चुनौती यह है, कि किस प्रकार से वह बजटीय समीकरण को बरकरार रखते हुए अनुसंधान और विकास की राशि की प्रक्रिया को भी सुगम बनाये।÷ श्री सिंह ने कहा कि रक्षा लेखा विभाग को तीनों सेनाओं के साथ बैठकर विचार विमर्श करना चाहिए कि वे तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को सुविधाजनक और सुगम कैसे बना सकते हैं। उन्होंने कहा , आप सभी, सेनाओं के साथ बैठकर, विचार-विमर्श करें और यह देखें, कि आप लोग तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को कितना आसान बना सकते हैं।

# बिजली गिरने से 4 की मौत

**गरियाबंद में 2 महिला,रायगढ़ में 2 युवकों की गई जान**

**समवेत शिखर संवाददाता**

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। गरियाबंद जिले में 2 महिलाओं और रायगढ़ जिले में 2 युवकों ने दम तोड़ दिया। गरियाबंद जिले के देवभोग थाना क्षेत्र के डोहल गांव में हादसा हुआ। डीलेश्वरी दुर्गा (43) और सूरजो बाई (60) की मौके पर मौत हो गई। दोपहर लगभग ढाई बजे अचानक मौसम बदला और बादल गरजने लगा। बारिश से बचने तीन महिलाएं बरगद पेड़ के नीचे आ गईं। इस दौरान एक के सीने में तो दूसरे के सिर पर बिजली गिरी। वहीं गर्भवती महिला के पांव में करंट का आभास हुआ। गर्भवती महिला का इलाज जारी है। रायगढ़ के छाल क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत हो गई। मृतक आकाश किडो (19) और आकाश लिकन केरकेट्टा (19), गंजाईपाली मांझापार के निवासी थे।

दोनों युवक मंगलवार को बकरी चराने जंगल की ओर गए थे। इस दौरान मौसम बिगड़ने लगा और बारिश शुरू हो गई। बचाव के लिए वे महुआ के एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए, तभी बिजली गिर गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए।

### एचएएल को अमेरिका से तेजस का चौथा इंजन मिला, 2028 तक देने हैं 83 विमान

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के लिए तेजस विमान बना रही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को चौथा इंजन मिल गया है। ये इंजन अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक ने सौंपा है। नवंबर तक भारतीय वायुसेना को दो तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट मिल जाएंगे। फरवरी 2021 में सरकार ने HAL के साथ 83 तेजस मार्क-1A खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन HAL अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है। उम्मीद है कि 2028 तक HAL सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा।

**फैसला** » **जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5त्न से बढ़ाकर 6.8% किया**

# लोन सस्ते नहीं होंगे, आरबीआई ने रेपो रेट 5.5% पर बरकरार रखा

**मुंबई (ए)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार दूसरी बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.5% पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। इससे पहले अगस्त में हुई मीटिंग में भी इसमें बदलाव नहीं हुआ था।

देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5% से बढ़ाकर 6.8% किया। यह फैसला मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कमेटी के सभी मेंबर्स ब्याज दरों में स्थिर रखने के पक्ष में थे। जीएसटी में कटौती के बाद महंगाई में कमी के चलते ये फैसला लिया गया। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। इसमें बदलाव नहीं होने का मतलब है कि ब्याज दरें न तो बढ़ेंगी न घटेंगी।



**इस साल 3 बार घटा रेपो रेट, 1% की कटौती हुई :** आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25% घटाई गई। जून में तीसरी बार दरों में 0.50% कटौती हुई। यानी, मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने तीन बार में ब्याज दरें 1% घटाई।

**हर दो महीने में होती है आरबीआई की मीटिंग :** मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। आरबीआई की मीटिंग हर दो महीने में होती है। बीते दिनों रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठकों का शेड्यूल जारी किया था। इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बैठकें होंगी। पहली बैठक 7-9 अप्रैल को हुई थी।

### यूपीआई फ्री रहेगा, कोई चार्ज नहीं लगेगा : आरबीआई

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार (1 अक्टूबर) को कई बड़े फैसले लिए, जिनसे कंपनियों और आम लोगों के लिए बैंक लोन लेना आसान और सस्ता हो जाएगा। साथ ही यूपीआई चार्ज को लेकर लोगों की चिंता को भी दूर किया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की मीटिंग बाद सभी फैसलों की घोषणा की। आरबीआई गवर्नर ने साफ किया कि यूपीआई ट्रांजैक्शंस पर अभी कोई चार्ज लगाने का प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार और आरबीआई चाहते हैं कि डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा मिले, इसलिए यूपीआई को मुफ्त रखा जाएगा। हालांकि, उन्होंने पहले कहा था कि यूपीआई की लागत कोई न कोई तो उठाता है, लेकिन अभी कोई बदलाव नहीं होगा। आरबीआई ने अब बैंकों को भारतीय कंपनियों को अधिग्रहण (किसी कंपनी को खरीदने) के लिए लोन देने की इजाजत दे दी है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने इसकी मांग की थी।

# भारत की सबमरीन की साउथ चाइना सी में सफल टेस्टिंग

**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय नौसेना ने सिंगापुर नौसेना के आयोजित मल्टीनेशनल सबमरीन रेस्क्यू एक्सरसाइज XPR-25 में अपने डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल Tiger X को सफलतापूर्वक ऑपरेट (टेस्ट) किया।

ये जॉइंट एक्सरसाइज दो फेज में 15 से 20 सितंबर शोर फेज (जमीन पर ट्रेनिंग) और 20 से 25 सितंबर सी फेज (समुद्र में ट्रेनिंग) साउथ चाइना सी में हुई। इसमें 40 से ज्यादा देशों की नौसेना शामिल हुईं। ये पहली बार था कि भारत के सबमरीन रेस्क्यू सिस्टम ने हिंद महासागर क्षेत्र के बाहर काम किया और साउथ चाइना सी में फुल-स्पेक्ट्रम रेस्क्यू एक्सरसाइज की, जिसमें भारतीय DSRV को आर्टिफिशियल कंडीशन में मित्र देशों की सबमरीन के साथ डॉक किया गया। सी फेज में 3 सबमरीन रेस्क्यू यूनिट्स शामिल रहीं। सभी को उनके मदर शिप पर तैनात किया गया था। इनमें सिंगापुर की यूनिट को MV S2ift Rescue, जापान की यूनिट को JS Chi4oda और भारत की यूनिट को INS Nistar पर रखा गया। Nistar का हाल ही में भारतीय सेना में कमीशन किया गया है।

**►► न्यूज ब्रीफ**

## गातापार में नाबालिग युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**थान खम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम गातापार मे घर वालो के डांट डपट के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया,पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया है।परिजनो के सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुँचकर मृतका का शव बरामद किया और पंचनामा पश्चात शव को पोस्टमार्टम करवाकर नाम को परिजनो को सौप दिया जहाँ गमगीन माहंल मे मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना के मुताबिक 30 सितंबर की रात समीपस्थ ग्राम गातापार मे एक दृदय विदारक घटना सामने आयी है जहाँ एक नाबालिग युवती ने अज्ञात कारणो से गुस्से मे आकर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जिंदगी का इहीलीला समाप्त कर ली,खबर है कि परिजनो व युवती के बीच खटपट हुई थी परंतु मामला यहाँ तक पहूंच जायगा परिजनो ने अंदाजा नही लगाया था,पुलिस मर्ग कायम कर मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना मे लिया है।

## आज दशहरा पर 30 फीट रावण का होगा दहन

**थान खम्हरिया।** नगर मे आज विजयदशमी धूमधाम से मनायी जायगी जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है,दशहरा



उत्सव मैदान मे इस वर्ष भव्य 30 फीट रावण की मूर्ति का दहन किया जायगा जबकि रात्रि 08 बजे से कन्या शाला मैदान मे कवि सम्मेलन का आयोजन तथा रात्रि 10 से कंचन जोशी का रंगारंग लोक कलामंच का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।विजयदशमी के अवसर पर शाम 4 बजे जमात मंदिर से निशान यात्रा निकाली जायगी जिसमे अखाडे का शौर्य प्रदर्शन किया जायगा यात्रा मे जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरीक व ग्रामीण बडी संख्या मे शामिल होंगे।निशानयात्रा मे राम,लक्ष्मण,सीता व हनुमान की झांकी खे साथ आतिशबाजी व जसगीत की अनेक टोली भी शामिल किथा गया है, शाम 7 बजे निशानयात्रा दशहरा उत्सव मैदान पहूंचेगी जहां आदमकद रावण का भव्य आतिशबाजी के बीच दहन किया जायेगा।

## ओबीसी महासभा दुर्ग के जिलाध्यक्ष बने भानुप्रताप यादव

**दुर्ग।** ओबीसी महासभा (रजि.) मध्य क्षेत्रीय राष्ट्रीय कार्यालय, द्वारिकापुरी कालोनी, वार्ड क्रमांक-05



अशोकनगर द्वारा भानु प्रताप यादव को दुर्ग जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम साहू ने की। भानु प्रताप यादव वर्तमान में प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन (अधिकारी-कर्मचारीप्रकोष्ठ), जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ-दुर्ग तथा मीडिया प्रभारी कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन-दुर्ग के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ओबीसी महासभा एक सामाजिक संगठन है, जो ओबीसी समाज को संवैधानिक अधिकार दिलाने एवं संगठन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में संगठन विस्तार और जागरूकता अभियान के तहत दुर्ग जिले की जिम्मेदारी भानु प्रताप यादव को सौंपी गई है। प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम साहू ने भरोसा जताया है कि भानु प्रताप यादव समाज के प्रति अपने समर्पण, अनुशासन, ईमानदारी एवं पारदर्शिता से कार्य करते हुए समाज की सभी जातियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर संगठन द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। भानु प्रताप यादव को जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सर्वश्री राजेश चटर्जी (प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन एवं प्रांतीय सचिव, दुर्ग संभागीय संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन), आनंद यादव (महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ-दुर्ग) सहित संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## आईटीआई डोंगरगांव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**राजनांदगांव।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डोंगरगांव परिसर में साफ-सफाई, पौधरोपण, विकसित भारत विषय पर मेकिंग सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही संस्था के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों एवं वर्तमान प्रशिक्षणार्थियों जॉब अपार्चुनिटी, कैरियर एवं साक्षात्कार सहित अन्य विषयों पर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य व अन्य स्टॉफएवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# वृद्धजनों के कार्यों एवं समाज व राष्ट्र निर्माण में उनके योगदानों का उल्लेख करते हुए किया गया उनका सम्मान

### अतिथियों ने वृद्धजनों के पास पहुंचकर उन्हें श्रवण यंत्र, बैसाखी प्रदान की

समवेत शिखर संवाददाता



**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित रजत जयंती वर्ष के सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज 01 अक्टूबर को सिवनी स्थित समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री यशवंत जैन, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चैधरी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री चेमन देशमुख, श्री शाहिद खान, अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक के अलावा राकेश यादव छोटू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री अजय गेडाम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में संपूर्ण जिले से वृद्धजन उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों एवं वक्ताओं ने वृद्धजनों के कार्यों का उल्लेख करते हुए समाज व राष्ट्र निर्माण में बुजुर्गों के योगदान को अनुपम एवं अद्वितीय बताया। इस मौके पर अतिथियों ने मंच के नीचे बैठे वृद्धजनों के बीच पहुँचकर शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इसके अलावा अतिथियों द्वारा वृद्धजनों को श्रवण यंत्र एवं छड़ी भी प्रदान किया। समारोह में अतिथियों के द्वारा शिक्षा, समाज सेवा आदि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जिले के कुल 19 वृद्धजनों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री यशवंत जैन ने परिवार, समाज एवं राष्ट्र निर्माण में बुजुर्गों के योगदानों का उल्लेख करते हुए बुजुर्गों को समाज का धरोहर एवं संरक्षक बताया। उन्होंने कहा कि घर, परिवार एवं समाज में बुजुर्गों के रहने से घर, परिवार एवं समाज का संरक्षण एवं संवर्धन होता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को पावन पर्व नवरात्रि एवं दशहरा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री चेमन देशमुख ने राष्ट्र व समाज के निर्माण में बुजुर्गों के योगदान को अतुलनीय बताते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि वे बहुत सौभाग्यशाली होते हुए जिनके घर में बुजुर्गों की उपस्थित सुनिश्चित होती है। श्री देशमुख ने कहा कि बुजुर्गों से हमें असीमित अनुभव प्राप्त होने के अलावा उनसे नई पीढ़ी को सभ्यता, संस्कृति, नैतिकता, सदाचार, परोपकार जैसे उच्च मानवीय मूल्यों की शिक्षा भी प्राप्त होती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारे थाती एवं धरोहर है। उन्होंने कहा कि महान दार्शनिक रूसो ने कहा था 10 वृद्धजन विशाल पुस्तकालय के बराबर होते हैं। इस अवसर पर उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से सभी वृद्धजनों एवं अतिथियों को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में बहुमूल्य उपस्थिति के लिए सभी के प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया।

# पुत्रों ने ही की सौतेले पिता की हत्या

### शराबखोरी और मारपीट बना विवाद का कारण

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जिले के नंदिनी नगर, अहिवारा में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां दो सगे भाइयों ने अपने ही सौतेले पिता की हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, 30 सितंबर की शाम प्रार्थी अरुण कुमार बंजारे



ने अपने पड़ोसी घर से झगड़े और रोने की आवाज सुनकर जाकर देखा तो मीरावती का पति बलविंदर सिंह खून से लथपथ पड़ा था। उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें थीं। पूछताछ में मीरावती ने बताया कि उसका पति शराब पीकर घर आया और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा। इस पर उसके पुत्र त्रिलोचन कोसरे और भूपेश कोसरे भड़क उठे और बलविंदर सिंह की पिटाई कर दी। त्रिलोचन ने आंगन में रखा फावड़ा (रापा) उठाकर वार किया जबकि भूपेश ने डंडे से हमला किया। दोनों की मारपीट से बलविंदर सिंह गंभीर रूप से घायल हुआ और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर थाना नंदिनी नगर पुलिस ने अपराध क्रमांक 245/2025 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। आरोपियों से पूछताछ में उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा और डंडा जब्त कर लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी :** 1. त्रिलोचन कोसरे, उम्र 22 वर्ष 2. भूपेश कोसरे, उम्र 20 वर्ष (निवासी-अहिवारा, नंदिनी नगर) पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेजा गया। इस पूरे मामले में नंदिनी नगर थाना पुलिस की तत्परता और कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

# शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दी दुर्गा नवमीं की शुभकामनाएं, हवन पूजन में शामिल हुए

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** चैत्र नवरात्रि के नवमी पर शहर विधायक और केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव विभिन्न दुर्गा पंडाल पहुँचे और हवन पूजन में आहुति डालकर शहरवासियों के सुख समृद्धि की कामना किये। इस दौरान खीर पूड़ी और खिचड़ी के भोग भंडारा में हाथ भी बंटाये। शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की समस्त देवी शक्ति का स्वरुप होती है। नौ दिन हम सभी ने माता की भक्ति की है, उसका आशीर्वाद मिलेगा।

नवरात्रि के पावन पर्व में उन्होंने गंजपारा, सत्तीचौरा, भोईपारा, गाँधी चौक, ढीमरपारा, ग्रीन चौक, संगम चौक उरला, विराट नगर बोरसी सहित दुर्ग विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र में विराजित माँ दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन कर झांकी देखने निकले नागरिकों अभिवादन कर शक्ति और भक्ति के महापर्व नवरात्रि की शुभकामनायें दिए। नवमी पर मंत्री श्री यादव माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए और प्रदेशवासियो की उन्नति प्रगति के लिए कामना किये। इस दौरान मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धांलुओं का अभिवादन कर धर्म आस्था के महापर्व नवरात्रि की शुभकामनायें दिए। इसके पूर्व महाअष्टमी की संध्या पर दुर्ग शहर के विभिन्न पंडालों में विराजमान माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं के दर्शन कर माता के चरणों में शीश नवाये। उन्होंने कहा की नवरात्रि के अवसर पर शहर में सजे पंडालों की छटा, भक्तिमय वातावरण और पारंपरिक सांस्कृतिक उत्सव हमारी सनातन परंपरा को दर्शाता है। माँ दुर्गा से समस्त जनमानस के सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

**निर्धारित समय में हो प्रतिमा विसर्जन :** शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने शहर के समस्त दुर्गा उत्सव समितियों से अपील किये है की विराजित माता की प्रतिमा का निर्धारित समय में विसर्जन करे। प्रतिमा विसर्जन स्थल पर पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था तथा निगम प्रशासन को पार्किंग, लाइट्स व अन्य जरूरी व्यवस्था करने कहा है, ताकी किसी प्रकार की समस्या न हो।

# 22 जगहों पर हुआ शस्त्र पूजन, दुर्गा वाहिनी की बहनों ने लिया आत्मरक्षा का संकल्प

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी ने मंगलवार को शहर के 22 स्थानों में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर बहनों और बालिकाओं ने मां दुर्गा के महिषासुर मर्दिनी स्वरूप की आराधना करते हुए आत्मरक्षा के लिए शस्त्र उठाने का संकल्प लिया।



विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में विभाग मंत्री अनूप श्रीवास और जिला मंत्री त्रिगुण सादानी बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र चलाना आना चाहिए। दुर्गा वाहिनी इसी दिशा में कार्य कर रही है, ताकि हमारी बहन-बेटियां आत्मनिर्भर और आत्मरक्षक बन सकें। उन्होंने बताया कि दुर्गा वाहिनी की स्थापना अश्विनी शुक्ल पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2041 में हुई थी। यह संगठन युवतियों के सर्वांगीण विकास और हिंदू समाज को सशक्त बनाने के लिए कार्यरत है। 7 मई 1994 को दिल्ली में हुए अखिल भारतीय महिला सम्मेलन में पूज्य साध्वी ऋतंभरा को दुर्गा वाहिनी की संयोजिका और डॉ. निर्मल पुरोहित को सह.संयोजिका बनाया गया था। महावीर चौक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हुए आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में ब्रह्माकुमारी केंद्र की सह संचालिका बीके प्रभा दीदी और अध्यक्षता दुर्गा वाहिनी की पूर्व प्रांतीय संयोजिका पूर्णिमा साहू ने की। बीके प्रभा दीदी ने कहा कि हिंदू धर्म में प्रत्येक देवी-देवता ने धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए हैं। मां दुर्गा की प्रत्येक भुजा में अस्त्र-शस्त्र हैं। ऐसे में आज की नारी को भी अपनी और समाज की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए। शस्त्र पूजन के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने अपने घरों से खीर, पूरी और हलवा जैसी मिठाइयां बनाकर कन्याओं को भोजन कराया।

# अंचल में ज्योति जवांरा व दुर्गा प्रतिमा का हुआ विसर्जन

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** शारदीय नवरात्रि की अवसान पश्चात आज नगर सहित ग्रामीण अंचलो के माता देवालयो मे स्थापित ज्योति जवांरा व विभिन्न पंडालो मे स्थापित दुर्गा प्रतिमा का आज विधि विधान से तालाबो मे विसर्जित कर दिया गया। आज सुबह नगर के शीतला, महामाया, माई मंदिर, दुर्गा मंदिर, कुटिधाम व शक्तिपीठ चण्डी मंदिर करमू के मंदिर मे स्थापित



ज्योति जवांरे की जसगीत के भक्ति धून व सांगदेव के झांकी के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गयी जिसमे महिला,बच्चे व बुजुर्ग शामिल हुए।जोर से बोलो जय माता दी,सारे बोलो जय माता दी की जयघोष से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों मे गूंज रही लोग पूरे श्रद्धां भक्ति के साथ मां दुर्गा को विदा किया।इस अवसर पर विभिन्न पंडालो मे नौ कुंवारी कन्याओं को भोज का आयोजन के साथ कुछ स्थानो पर भंडारे का आयोजन किया गया।समीपस्थ ग्राम टिपनी व गौरमाटी मे सांगदेव के जांकी के साथ मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन किया गया जिसमे दो दर्जन से भी अधिक लोग बांना लेकर जसगीत पर नृत्य करते देखे गये।इस प्रकार ग्रामीण अंचलो मे स्थापित दुर्गा प्रतिमाओ का विसर्जन कर दिया गया जबकि थान खम्हरिया मे आज 02 अक्तूबर को दशहरा पश्चात 03 अक्तूबर को दुर्गा प्रतिमाओ का विसर्जन किया जायगा।

# स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का भव्य स्वागत, रैली में उमड़ा जनसैलाब

### राजनांदगांव के पटरी पार के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चमके

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव।** राजधानी रायपुर में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में राजनांदगांव के पटरी पार क्षेत्र के होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों ने स्वर्ण व कांस्य पदक अपने नाम किए। जीत के बाद लौटे खिलाड़ियों के स्वागत में पटरी पार क्षेत्र में ऐतिहासिक सम्मान रैली निकाली गई, जहां फूलों की वर्षा व जयकारों से माहौल गूंज उठा।


प्रतियोगिता में चिखली स्कूल मैदान में अभ्यासरत पाँच खिलाड़ियों पुष्पीता साहू, घनिष्ठा साहू, द्विशा निषाद, मोनिष्का विश्वकर्मा और दक्ष चौबे ने भाग लेकर पहली बार एक साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीते। यह अपने आप में पटरी पार क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि रही। 27 से 30 सितंबर तक रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के पांच संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा की टीमें शामिल हुईं। घनिष्ठा साहू ने टूर्नामेंट में 4 गोल कर टीम को जीत दिलाई, वहीं मोनिष्का विश्वकर्मा ने भी 1 गोल कर शानदार प्रदर्शन किया। पुष्पीता साहू ने डिफेंस में मजबूत दीवार बनते हुए कई आक्रमण रोके, जबकि द्विशा निषाद ने गोलकीपर के तौर पर निर्णायक बचाव कर दर्शकों का दिल जीत लिया। दक्ष चौबे ने बालक वर्ग में सबसे कम गोल खाकर गोलकीपिंग में नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रदान किया जा रहा निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण और खेलो इंडिया के अंतर्गत संचालित विशेष प्रशिक्षण का बड़ा योगदान माना जा रहा है।

प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। यह प्रतियोगिता दिसंबर के अंतिम सप्ताह में मध्यप्रदेश के गुना जिले में आयोजित होगी। प्रतियोगिता से लौटने के बाद पटरी पार क्षेत्र में विजयी खिलाड़ियों के स्वागत में भव्य सम्मान रैली का आयोजन किया गया। क्षेत्रवासियों ने फूल बरसाकर व जयकारों के साथ खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। रैली में युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों का जोश देखने लायक था। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला हॉकी संघ सचिव शिवनारायण धकेता, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, राजा माखीजा, सुनील साहू आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आज होगी ग्राम सभा

### महात्मा गांधी नरेगा आदि कर्मयोगी एवं बाल विवाह मुक्त पंचायत जैसे अनेक विषय पर ग्रामीण तय करेंगे अपने विकास के रास्ते

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के सभी ग्राम पंचायत में 2 अक्टूबर को ग्राम सभा का आयोजन होगा। ग्राम सभा आयोजित करने के संबंध में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आदेश जारी किए हैं। ग्राम सभा के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं से आगामी वित्तीय वर्ष में होने वाले कार्यो को अंतिम रूप दिया जाएगा। साथ ही अन्य सामाजिक विषयो पर ग्राम सभा द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित होगा।

**महात्मा गांधी नरेगा योजना :** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्यो को अंतिम रूप 2 अक्टूबर के ग्राम सभा में दिया जाएगा। जिसमें कार्यो का चयन युक्तधारा पोर्टल की सहायता से जी.आई.एस आधारित तैयार करते हुए बनाया जाना है। इनमें कृषि संबंधित गतिविधियों के लिए न्यूनतम 60% कार्यो का प्रावधान होगा। वन अधिकार पत्रधारको की भूमि को कृषि योग्य बनाने, व्यक्तिगत हितग्राहियों के लिए आजीविका संवर्धन एवं अन्य कार्यो की पहचान कर युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से सभी का प्रस्ताव बनाया जाएगा। गांव के भौगोलिक स्थिति, वाटरशेड के सिद्धांतों को लागू करते हुए गूगल अर्थ प्रो और भू-नक्शा सॉफ्टवेयर जैसे विभिन्न तकनीकी माध्यमों से प्लान तैयार होगा। सबकी योजना सबका विकास अंतर्गत ग्रामीणों द्वारा दिए सुझाव अनुसार श्रम बजट तैयार कर ग्राम पंचायत विकास प्लान में इसे समाहित करते हुए सेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट बनेगा।

**आदि कर्मयोगी अभियान पर भी होगी चर्चा :** आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ज़िले में 275 चयनित आदिवासी बाहुल्य गांव में विजन डॉक्यूमेंट का निर्माण किया जाना है। 17 सितंबर से ज़िले के उक्त गांव का भ्रमण कर स्थानीय आदिवासी समुदाय, एनजीओ सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन एवं शासकीय अम्लों की सहभागिता से गांव के स्थानीय समस्याओं की जानकारी लेते हुए क्रिटिकल गैप की पहचान कर उसके निदान के लिए विस्तृत योजना को अंतिम रूप 2 अक्टूबर के ग्राम सभा मे दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी अभियान में 7 विभाग के समन्वय से आदिवासी समुदाय के लोगों का सर्वांगीण विकास एवं समस्त योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाने कार्य हो रहा है। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी आदि सहयोगी के रूप में 5 व्यक्ति गांव के शिक्षक, डॉक्टर, जनप्रतिनिधि एवं आदि साथी के रूप में चिनांकन किया गया है जो इस महाअभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें रहे है।अभियान में गांव के विकास हेतु विलेज विजन निर्माण 2030 बनाया जाएगा। जिसमें गांव के सभी ग्रामीण साथ मिलकर प्लान का अनुमोदन 2 अक्टूबर के ग्राम सभा में करेंगे जो राज्य शासन को प्रषित किया जाएगा।

**ग्राम सभा में ग्रामीण रखें अपनी बात : कलेक्टर गोपाल वर्मा**

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया की जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं आश्रित ग्रामों में 2 अक्टूबर 2025 को ग्राम सभा आयोजित होगा। ग्राम सभा में महात्मा गांधी नरेगा आदि कर्मयोगी की अभियान सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर कार्ययोजना बनेगी। इसके साथ ही ग्राम सभा में गत तिमाही किये गए आय-व्यय की समीक्षा,कार्यो के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि,व्यय राशि एवं कार्य की अध्यतन स्थिति पर ग्रामीणों को जानकारी दी जाएगी। ग्राम सभा में सभी ग्रामीणों की उपस्थिति हेतु अपील की जाती है जिससे वे अपने गांव के विकास योजना को अंतिम रूप दे सके।

**ग्राम सभा की सभी तैयारियां पूरी : सीईओ**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 2 अक्टूबर के ग्राम सभा की सूचना सभी ग्राम पंचायतो को जारी कर दी गई है और लगातार मुनादी कराई जा रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं आदि कर्मयोगी अभियान सहित अन्य महत्वपूर्ण विषय जो ग्राम पंचायत के विकास हेतु आवश्यक है उसे पर चर्चा की जाएगी।

# स्वस्थ नारी से बनेगा सशक्त भारत, नर्सिंग कॉलेज राजनांदगांव में जागरूकता कार्यक्रम

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव।** भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत नर्सिंग कॉलेज, राजनांदगांव में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर (अधीक्षक, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयए पेंड्री) और विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रकाश खुंटे (सहायक प्राध्यापक, मेडिसिन विभाग) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन 30 सितंबर को दोपहर 12.30 से 1.30 बजे तक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस मौके पर नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती ममता नायक ने कहा, जब महिलाएं शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होती हैं, तभी एक मजबूत परिवार और समाज की कल्पना की जा सकती है। डॉ. प्रकाश खुंटे ने बुनियादी जीवन समर्थन (बीएलएस) विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि दिल की धड़कन या सांस रुकने पर सीआरपी (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) से व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि सीआरपी की प्रक्रिया में दोनों हाथों की हथेली से छाती पर 30 बार प्रेशर देने के बाद, 2 बार मुंह से सांस दी जाती है। इसे जानना हर व्यक्ति के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में डॉ. सौम्या चेलक (एमबीबीएस इंटर्न) ने मैनिकिन पर सीआरपी का लाइव प्रदर्शन कर महिलाओं को यह तकनीक सिखाई। डॉ. अतुल देशकर ने कहा कि गहरी नींद और संतुलित आहार न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करते हैं। योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में योगनिद्रा सेंटर की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर की गई है, जहां नर्सिंग सिस्टरों की मदद से इसका संचालन किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल रमेन डेका से नवनियुक्त मुख्य सचिव ने सौजन्य भेंट की



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में प्रदेश के नव नियुक्त मुख्य सचिव विकासशील ने सौजन्य भेंट की।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की कार ट्रक से टकराई

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की कार बुधवार सुबह एक ट्रक से टकरा गई। हादसे के वक्त मंत्री खुद वाहन में मौजूद थे। अच्छी खबर यह है कि उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई और वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। घटना के तुरंत बाद मंत्री के सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। कार को मामूली नुकसान हुआ है। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है। आज मंत्री जायसवाल का जन्मदिन भी है। ऐसे दिन हुए इस हादसे की खबर फैलते ही समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में चिंता की लहर दौड़ गई। हालांकि मंत्री के सुरक्षित होने की पुष्टि के बाद सभी ने राहत की सांस ली और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ भी दीं।



### होलसेल इलेक्ट्रॉनिक दुकान में चोरी अलमारी से 2.45 लाख कैश किया पार

**रायपुर।** रायपुर में रामसागर पारा के एक होलसेल इलेक्ट्रॉनिक दुकान में चोरी हुई है। चोर दुकान में पीछे की तरफ से शटर में गेप बनाकर भीतर घुसा। फिर उसने अलमारी में रखे 2.45 लाख रुपए कैश चुरा लिए। यह मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है। गुरु दर्शन सिंह ने पुलिस को बताया कि वह राजेंद्र नगर का रहने वाला है। उसकी रामसागर पारा में पंजाब ऑयल मिल गली में इलेक्ट्रिक सामान की होलसेल दुकान है। दुकान रोज सुबह 11 बजे खुलती और रात 9 बजे बंद होती है। 30 सितंबर की सुबह 11 बजे जब दुकान मालिक और उनके कर्मचारी दुकान के भीतर गए, तो केबिन का सामान बिखरा हुआ था। दुकान में रखे अलमारी का लॉकर भी खुला था। चोर ने लॉकर में रखे 2 लाख 45 हजार रुपए पार कर लिए थे। चोर दुकान के भीतर पीछे की तरफ का शटर को रॉड से उठाकर घुसा था। इस मामले में व्यापारी ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। इसके बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच में जुटी है।

### 'आप' द्वारा 90 विधानसभाओं में जिलेवार बैठकों का दौर जारी

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि प्रदेश की सभी ने 90 विधानसभाओं में जिलेवार बैठकों का दौर जारी है। यह बैठकें जिला प्रभारियों द्वारा ली जा रहीं हैं सभी जिलों की बैठ के 25 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच संपन्न हो जाएंगी। सभी जिला प्रभारी 25 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक अपने प्रभार वाले जिले की बैठक विधानसभा जितने विधानसभा है उतनी बैठक उसी विधानसभा में जिले की बैठक अनिवार्य रूप से ले रहें हैं। प्रदेश महासचिव (मीडिया, सोशल मीडिया प्रभारी, मुख्य प्रवक्ता ) सूरज उपाध्याय ने कहा कि जिलों में संगठन विस्तार को लेकर महत्पूर्ण बैठक जिले प्रभारियों द्वारा लिया जा रहा है, जिसमें स्थानीय मुद्दों से लेकर, आगामी रणनीति, आंदोलन एवं जमीनी स्तर तक पार्टी की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा किया जा रहा है।

### निधन

#### पार्वती जायसवाल



**रायपुर।** रायपुरा निवासी पार्वती जायसवाल (68 वर्ष) का मंगलवार रात 12 बजे निधन हो गया। वे रामेश्वर लाल जायसवाल की पत्नी व अभिलाष जायसवाल की माँ थी। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को महादेव घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनका दशगात्र कार्यक्रम 10 अक्टूबर को एवं तेरहवीं कार्यक्रम 13 अक्टूबर को रखा गया है।

# ई-ऑफिस प्रणाली से शासन के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ी है और इससे सुशासन का संकल्प साकार हो रहा है : सीएम साय

### मुख्यमंत्री की विभागीय सचिवों और विभागाध्यक्षों के साथ हुई मैराथन बैठक

समवेत शिखर न्यूज



**जनता की समस्याओं को धैर्य से सुनें अधिकारी**

मुख्यमंत्री श्री साय ने विभागीय सचिवों से कहा कि आप सभी जनता की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनें और उनका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सतत मॉनिटरिंग और नियमित प्रवास से विकास की गति बढ़ती है। प्रभारी सचिव अपने-अपने प्रभार वाले जिलों का हर दो माह में दौरा कर योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा करें।

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय सचिवों और विभागाध्यक्षों की मैराथन बैठक ली। उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अधिकारियों को विभागीय समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने उच्च स्तरीय बैठक में पूंजीगत व्यय में तेजी, शासकीय कामकाज में पारदर्शिता, आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण तथा गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों की सराहना की और अधिकारियों को स्व-मूल्यांकन कर सुधार लाने के लिए कहा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली से शासन के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ी है और इससे सुशासन का संकल्प साकार हो रहा है। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि लगभग सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू हो चुकी है। शेष विभाग दिसंबर 2025 तक इसे अनिवार्य रूप से लागू करें। मुख्यमंत्री ने सुगम आवागमन के लिए सड़कों के सुधार और रखरखाव पर विशेष बल दिया। साथ ही, जेम पोर्टल से होने वाली शासकीय खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूंजीगत व्यय से राज्य की आधारभूत संरचना मज़बूत होती है और दीर्घकालिक विकास की नींव पड़ती है। उन्होंने कम पूंजीगत व्यय वाले विभागों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के रजत जयंती वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक प्रावधान किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट में प्रावधानित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति समय पर दी जाए, स्वीकृत कार्यों के टेंडर शीघ्र जारी हों और बिना विलंब कार्य प्रारंभ हो। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय के सभी कार्य जनता के हित से सीधे जुड़े हैं, इसलिए इन्हें समय पर पूरा करना आवश्यक है। जिन विभागों का व्यय पिछले वर्ष की तुलना में कम है, वे इसके कारणों की पहचान कर तत्काल सुधार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात अब समाप्ति की ओर है, ऐसे में आगामी दो महीनों का सदुपयोग करते हुए निर्माण कार्यों से संबंधित सभी औपचारिकताएँ शीघ्र पूरी करें।

**मंत्रालय के कामकाज में कसावट के लिए बायोमैट्रिक अटेंडेंस :** मुख्यमंत्री श्री साय ने मंत्रालय के कामकाज में कसावट लाने के उद्देश्य से 1 दिसंबर से बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समय पर कार्यालय पहुँचें और अपने अधीनस्थों को भी समयपालन के लिए प्रेरित करें।

# त्योहारों से पहले केंद्र ने छत्तीसगढ़ को जारी किए 3,462 करोड़ रुपए अतिरिक्त कर आवंटन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** आगामी त्योहारों को देखते हुए और राज्यों को पूंजीगत खर्च तेज़ करने तथा विकास और कल्याण संबंधी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर, 2025 को छत्तीसगढ़ सरकार को 3,462 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर आवंटन जारी किया है। यह राशि सामान्य मासिक कर आवंटन के अतिरिक्त है, जो 10 अक्टूबर, 2025 को जारी होने वाला था। इस अतिरिक्त आवंटन से राज्य सरकार अपने विकास और कल्याण योजनाओं में तेजी ला सकेगी और प्रमुख परियोजनाओं में निवेश कर सकेगी।

केंद्र सरकार ने कुल 1,01,603 करोड़ का अतिरिक्त कर आवंटन सभी राज्यों को जारी किया है, जिसमें छत्तीसगढ़ को इसकी हिस्सेदारी 3,462 करोड़ रुपये मिली है। अन्य राज्यों में आंध्रप्रदेश को 4,112 करोड़, अरुणाचल प्रदेश को 1,785 करोड़, असम को 3,178 करोड़, बिहार को 10,219 करोड़, गोवा को 392 करोड़, गुजरात को 3,534 करोड़, हरियाणा को 1,111 करोड़, हिमाचल प्रदेश को 843 करोड़, झारखंड को 3,360 करोड़, कर्नाटक को 3,705 करोड़, केरल को 1,956 करोड़, मध्य प्रदेश को 7,976 करोड़, महाराष्ट्र को 6,418 करोड़, मणिपुर को 727 करोड़, मेघालय को 779 करोड़, मिजोरम को 508 करोड़, नागालैंड को 578 करोड़, ओड़िशा को 4,601 करोड़, पंजाब को 1,836 करोड़, राजस्थान को 6,123 करोड़, सिक्किम को 394 करोड़, तमिलनाडु को 4,144 करोड़, तेलंगाना को 2,136 करोड़, त्रिपुरा को 719 करोड़, उत्तर प्रदेश को 18,227 करोड़, उत्तराखंड को 1,136 करोड़ और पश्चिम बंगाल को 7,644 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

### बार और होटल संचालकों पर आबकारी विभाग की सख्ती

# सचिव शंगीता की हिदायत, नियम-कानून की अनदेखी पर होगी कड़ी कार्रवाई

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** आबकारी आयुक्त सह सचिव, वाणिज्यिक कर (आबकारी) आर. शंगीता ने बार और होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों-संचालकों की बैठक लेकर आबकारी नियम और निर्देशों के विपरीत बार संचालन न करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में नियम और कानून में ढील बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**21 साल से कम उम्र वालों की बार में एंट्री बैन :** सचिव शंगीता ने कहा कि हर हाल में रात बारह बजे के भीतर बार का संचालन बंद हो जाना चाहिए एवं रात्रि 11:30 के पश्चात् नये ग्राहकों को बार में प्रवेश नहीं दिया जाए। उन्होंने बैठक में 10 दिन के भीतर बार और होटल में कार्यरत कर्मचारियों का पुलिस व्हेरीफिकेशन कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 21 वर्ष से कम उम्र वाले युवाओं को बार में प्रवेश नहीं देने की भी चेतावनी दी। इसी प्रकार पूर्व से ही नशे की हालत में पाये गये व्यक्तियों को बार में प्रवेश नहीं देने बाबत निर्देशित किया गया। आबकारी सचिव शंगीता ने कहा कि बार और होटल संचालक यह जान लेवें कि बार संचालन में पाए गए त्रुटियों के लिए कर्मचारियों की गलती बताकर नहीं बच सकते, जिनके नाम से विभाग द्वारा अनुज्ञप्ति जारी की गई है, उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बार संचालकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी सूरत में वे राज्य में अवैध अथवा अपंजीकृत शराब का विक्रय बार व होटल में न करें अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार बार में बाहर से मदिरा लेकर आने वालों को प्रवेश नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा कि नियम और कानून के हिसाब से सात्विक तरीके से बार व होटल का संचालन होना चाहिए। उन्होंने ड्रग्स, कोकीन, एम.डी. जैसे मादक पदार्थो के विक्रय से दूर रहने की चेतावनी दी। ऐसे मादक पदार्थों का बार परिसर में विक्रय-सेवन आदि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस और आबकारी विभाग को सूचित करने की सलाह दी।

# मोह त्याग कर संसार से मुक्त होने का लक्ष्य है मोक्ष मार्ग : महेंद्र सागरजी महाराज

### विवेकानंद नगर में हुई नवपद ओलीजी के तीसरे दिन आचार्य पद की आराधना

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** विवेकानंद नगर में जारी नवपद ओलीजी की आराधना के तीसरे दिन आचार्य पद की आराधना की गई। बुधवार को धर्मसभा में उपाध्याय भगवंत आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी महाराज साहब ने कहा कि मोह ही इस संसार में परिभ्रमण और दुख का प्रमुख कारण है।

मोह त्यागकर संसार से मुक्त होने का लक्ष्य मोक्ष मार्ग है। आचार्य भगवंत स्वयं मोक्ष मार्ग की आराधना करते हुए संघ और समाज को मोक्ष मार्ग की शिक्षा देते हुए इस लक्ष्य की ओर अग्रसर करते हैं। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि आचार्य,उपाध्याय और साधु संसार के स्वरूप को जान लेते हैं। संसार के मोह को छोड़ने का प्रयत्न करते हैं। मोह रहित होने का प्रयत्न कर आत्मा का कल्याण करते हैं। मोह ही दुख का कारण है इन्हें समझ में आ जाता है। मोह रहित आहार विहार करते हैं। साधु आचार्य पद तक मोह को त्याग कर पहुंचता है। अपने मोह का नाश करने का प्रयत्न सदैव होना चाहिए। मोह रहित होकर संसार से मुक्त होने का लक्ष्य बनाएं। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि आचार्य व्यवस्थापक होते हैं। स्वयं की मोक्ष आराधना के साथ आचार्य भगवंत साधु और समाज के सिस्टम को व्यवस्थित करते हैं। जो असंयमित है उसे संयमित करते हैं। जो अनियंत्रित है उसे नियंत्रित करते हैं। समाज और संघ को व्यवस्थित मार्गदर्शन देकर मोक्ष की शिक्षा प्रदान करते हैं। आचार्य भगवंत संघ व समाज के हित को ध्यान में रखकर शासन के मार्ग पर जोड़कर मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करते हैं। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मोह से मुक्त होने के पथ प्रदर्शक आचार्य भगवंत होते हैं। मोह से मुक्त होने का मार्ग बताते हैं।हमारा लक्ष्य सिद्ध पद है। संसार से मुक्त होना है। अपनी आत्मा को सिद्ध बनाना है। संसार में कर्म बंधन से मुक्त होना है। संसार के परिभ्रमण से मुक्त होना है। संसार के दुखों से मुक्त होना है। ये दुख हमें सहन नहीं होते हैं।

# स्वच्छता ही सेवा : भाजपा रायपुर जिला अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा स्वच्छता अभियान




समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन (17 सितम्बर) से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज मोतीबाग स्थित बंजारी वाले बाबा की दरगाह के पीछे स्वच्छता अभियान चलाया गया । यह कार्यक्रम भाजपा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री नासिर खान के नेतृत्व में संपन्न हुआ ।

इस अवसर पर मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री मखमूर इकबाल खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने महात्मा गांधी के स्वच्छता और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का संकल्प लिया है । स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आज पूरे देश में नई जागृति का वातावरण बना है । कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिर्ज़ा एजाज़ बेग, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर अली, मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष असगर अली, वरिष्ठ कार्यकर्ता कासम भाई, मोबिन अहमद, मौलाना आमिर बेग, मोअज्जम मेमन सहित आस्ताने के खादिम व मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ईडी आतंकियों जैसा बर्ताव कर रही है : कांग्रेस

### हेमंत चंद्राकर के आरोपों की न्यायिक जांच होनी चाहिए

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** ईडी द्वारा एक व्यापारी हेमंत चंद्राकर से की गई मारपीट और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कांग्रेस नेताओं के नाम लेने के लिए दबाव बनाये जाने की प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में ईडी आतंकियों जैसा व्यवहार कर रही है। ईडी की कार्यवाहियों से साफहो रहा है कि वह भाजपा के राजनैतिक एजेंडे को पूरा करने का उसने ठेका लिया हुआ है और फर्जी कार्यवाहियां करके वह कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेताओं को बदनाम कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि व्यवसायी हेमंत चंद्राकर के साथ ईडी ने अमानवीय ढंग से मारपीट किया है। उसके शरीर में मारपीट के संघातिक निशाने है। इस अमानवीय मारपीट के लिए पुलिस को हेमंत चंद्राकर के आवेदन पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हेमंत चंद्राकर ने ईडी पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं अन्य कांग्रेस नेताओं का नाम लेने का दबाव बनाया। उसके आरोप गंभीर है, जिन अधिकारियों ने हेमंत चंद्राकर से पूछताछ की है उनकी शिनाख्त कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि एक केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी असंवैधानिक कार्यवाही में संलिप्त है, यह लोकतंत्र के लिए घातक है। हेमंत चंद्राकर के साथ मारपीट और उसके आरोपों की न्यायिक जांच होनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अरूण साव ईडी के द्वारा की गई मारपीट और असंवैधानिक दबाव बनाये जाने को जायज ठहरा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रोजेक्ट दिव्य धुन के बच्चों को दी 11 हजार की प्रोत्साहन राशि



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि मंडपम रायपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस कार्यक्रम में प्रोजेक्ट दिव्य धुन के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों ने तबला, गायन एवं अन्य विधाओं में मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 11 हजार की राशि प्रदान की। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने मुख्यमंत्री श्री साय को बताया प्रोजेक्ट दिव्य धुन के अंतर्गत दृष्टिबाधित बच्चों को कलाकेंद्र रायपुर में संगीत व वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इन बच्चों ने पूर्व में चक्रधर समारोह 2025, रायगढ़ में भी अपनी प्रतिभा से सभी को मंत्रमुग्ध किया था।

# 15 से 19 नवंबर तक होगा रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

### सांसद खेल महोत्सव 2025 तैयारियों को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने ली बैठक

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** नगर निगम क्षेत्र में 15 से 19 नवंबर 2025 तक रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर केन्द्र सरकार के खेल मंत्रालय के फिट इंडिया मुव्हमेंट को जनआंदोलन बनाने किया जाएगा।

लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर नगर निगम मुख्यालय के सामान्य सभा सभागार में पहुंचकर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे की उपस्थिति में बैठक लेकर रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की रूप रेखा की विस्तृत जानकारी देकर कहा कि रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से रायपुर नगर निगम के सभी 10 जोनो के सभी 70 वार्डो में नागरिको के बीच खेल का वातावरण बनें। लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सांसद खेल महोत्सव में सम्मिलित होने क्यूआर बार कोड को स्कैन कर उसमें दिये गये खेल महोत्सव फार्म को भरवाकर अधिक से अधिक नागरिको को खेलो के प्रति प्रोत्साहित कर सम्मिलित करने कहा है। सांसद ने सभी जोन कमिश्नरो को जोन स्तर पर जोन अध्यक्ष पार्षदो सहित खेल संघो के पदाधिकारियों, खिलाडियो की बैठक लेकर आयोजन में अधिक से अधिक लोगो को जोडने कहा है। सांसद ने रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को भव्य एवं सफल बनाकर इसमें सभी को जोडने जोन स्तर पर 3-4 स्थानो का चयन करने एवं लोगो को इसमें सम्मिलित 13 खेल विधाओ खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केट बॉल, रस्साकसी, भारोत्तोलन, कुश्ती, रोप स्पीकिंग, स्वीमिंग, शरीर सौष्ठव, शतरंज, फुगडी, गेड़ी की जानकारी देकर लोगों को अधिक से अधिक इसमें सम्मिलित करने प्रोत्साहित करने की अपील सभी वार्ड पार्षदो से की है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आयुक्त एवं जोन कमिश्नरो को इसमें रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव के 15 से 19 नवंबर तक होने जा रहे रायपुर में आयोजन की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने सभी उद्यानो, वाचनालयो, स्कूल, कॉलेजो, दशहरा उत्सव आयोजन स्थलो, सभी क्लबो, निजी स्कूलो, निजी कॉलेजो, महिलाओ, पुरुषो, घर घर अभियान चलाकर इसे भव्य बनाने अपील की है। सांसद ने कहा कि नगर निगम रायपुर के प्रत्येक जोन में कम से कम 4 और 10 जोनों में 40 स्थल मैदान के रूप में चिन्हित कर उसमें रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसके लिए बैनर पोस्टर पाम्पलेट होर्डिंग के जरिए नागरिको को अधिक से अधिक जानकारी दी जानी है। सांसद ने 25 अक्टूबर से 25 नवंबर 2025 तक 1 माह रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को भव्य बनाने व्यापक प्रचार प्रसार करने कहा है। ताकि रायपुर राजधानी शहर में नागरिको के मध्य खेलों के प्रति वातावरण सकारात्मक रूप से तैयार हो सकें और अधिक से अधिक लोग इसमें सम्मिलित हो सके। सभी विद्यार्थियों, युवाओं, छात्र-छात्राओ, पुरुषों, महिलाओं को इससे अवगत कराकर उन्हें महोत्सव में अधिकाधिक सम्मिलित होने आयोजन के फार्म भरने प्रोत्साहित किया जाना है। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि आज के मोबाईल डिजिटल युग में नगर निगम रायपुर के सभी 70 वार्ड पार्षद सौभाग्यशाली है कि उन्हें रायपुर नगर निगम की टीम बनाकर रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव में सम्मिलित होने का अवसर मिल रहा है। महापौर ने अपील की कि रायपुर नगर निगम की सभी महिला वार्ड पार्षद अपने वार्ड की रहवासी महिलाओ को आयोजन से अधिक से अधिक जोड़े और उसके लिए बारकोड को स्कैन करवाएं और फॉर्म भरवाकर आयोजन को भव्यता देने सहभागी बने। सभी पुरूष पार्षद पुरुषों को जानकारी अधिकाधिक दें और टीम तैयार कर उन्हें महोत्सव से अधिक से अधिक संख्या में जोड़े। इसके लिए डेढ़ माह के समय का सभी पार्षदगण पूर्ण सदूपयोग अपने वार्ड में करें जिससे आयोजन भव्य और सफल बने।

# दुष्यंत कुमार की स्मृति में काव्य संध्या का किया गया आयोजन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** वीमतारा हॉल, रायपुर में महान शायर दुष्यंत कुमार की स्मृति में नवरंग काव्य मंच द्वारा आयोजित काव्य संध्या कैसे मंज़र सामने आने लगे हैं का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में वर्तमान में विभिन्न मानवीय मूल्यों संवेदनाओं को चिन्हित करने वाली विभिन्न कविताओं एवम गजलो का पाठ किया गया जो आज की युवा पीढ़ी में ऊर्जा एवम प्रेरणा का संचार करती है जिनमे वृद्धों का सम्मान , एकता की भावना, नैतिक मूल्यों की रक्षा, युवा बेरोजगार के प्रति चिंता, देश के मौजूदा हालत और उस पर विचार के सुधार जैसे विषय शामिल रहे कार्यक्रम सफल और रसमय रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मैट्स विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. रेशमा अंसारी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कवि डॉ माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' ने की।

विशिष्ट अतिथि रहे जमशेदपुर से पधारे प्रख्यात कहानीकार श्री मुकुल वर्मा एवं युवा संस्था के संस्थापक श्री एम राजीव सर। कार्यक्रम का संचालन कवि राजेश जैन 'राही' ने बेहद दिलकश अंदाज़ में दुष्यंत कुमार की ग़ज़लों को उद्धरित करते हुए किया। युवा कवयित्री योगिता साहू ने दुष्यंत कुमार की जीवनी का पाठ किया। उपस्थित रचनाकारों ने अपनी ग़ज़लों, कविताओं, छंदों से समां बांध दिया। डॉ रेशमा अंसारी ने बेहतरीन तरन्नुम में अपनी ग़ज़लों का पाठ किया- ए हवा तू ही बता किस सिम्त जाना है तुझे, मन की ताक़ीद है, तेरा साथ निभाना है मुझे। डॉ माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' ने पढ़ा क्या करोगे मेरी ग़ज़ल लेकर ,पत्थरों के शहर में हल लेकर। साँस के टूटने की आस लिए, लोग बैठे हैं गंगा जल लेकर। राजेश जैन 'राही' ने पढ़ा- कभी अक्षर, कभी चिंतन, कभी अरकान हो जाना, मेरे शेरों में ढल कर तुम मेरी पहचान हो जाना। आर. डी. अहिरवार ने पढ़ा- देवी है एक ऐसी जो हृदय विहीन है, मेरा ये ज़िस्म उसकी तपस्या में लीन है। श्री सुरेंद्र रावल जी ने पर वृद्धावस्था बहुत ही जोरदार व्यंग्य पढ़ा।

**शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।**
**डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।**

## संपादकीय

### आत्मनिर्भर टेलीकॉम क्षेत्र


बीएसएनएल (भारत संचार निगम लिमिटेड) की रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने ओडिशा में इसके स्वदेशी 4जी नेटवर्क का उद्घाटन किया, जिसे स्वाभाविक ही एक बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने 97,500 से अधिक मोबाइल टावरों का उद्घाटन किया, जिनमें से 92,600 टावर इसी टेलीकॉम सेवा प्रदाता की 4जी तकनीक से लैस हैं।

कुल 37,000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ये टावर दूरसंचार को क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के बारे में बताते हैं। दशकों तक भारत 2जी, 3जी और 4जी के लिए विदेशी मदद पर निर्भर रहा। वर्ष 2020 में दूरसंचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का फैसला लिया गया था और अब इस क्षेत्र में स्वदेशी टेक्नोलॉजी तैयार कर बीएसएनएल ने इतिहास रच दिया है। भारत अब दुनिया के उन पांच देशों में शामिल है, जिनके पास 4जी दूरसंचार सेवाएं शुरू करने की स्वदेशी तकनीक है। भारत के अलावा अन्य देश हैं-चीन, दक्षिण कोरिया, डेनमार्क और स्वीडन। इस सेवा के लॉन्च होते ही देश के सभी टेलीकॉम ऑपरेटर 4जी से लैस हो गये हैं। जियो, एयरटेल तथा वोडाफोन-आइडिया (वीआइ) जैसी कंपनियां पहले से ही 4जी और 5जी नेटवर्क पर हैं. एयरटेल ने 2012 में और जियो ने 2016 में 4जी सर्विस लॉन्च की थी, जबकि 5जी सेवा इन दोनों ने 2022 में शुरू की थी। बीएसएनएल ने आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में यह कदम तब उठाया है, जब उसके उपभोक्ताओं की संख्या में कमी आ रही थी। सिर्फ यही नहीं कि जुलाई में बीएसएनएल के 1.01 लाख ग्राहक कम हुए, बल्कि सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी भी अब आठ फीसदी से कम रह गयी है। बीएसएनएल के नये कदम से 26,700 गांवों को कनेक्शन मिलेगा, जिनमें ओडिशा के करीब 2,500 गांव भी हैं। साथ ही, इससे 20 लाख नये ग्राहकों के जुड़ने की भी उम्मीद है। नये टावरों को सोलर पावर से ऑपरेट करने की सुविधा दी गयी है और यह भारत का सबसे बड़ा ग्रीन टेलीकॉम नेटवर्क है। इससे जहां ऊर्जा की बचत होगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं यह पहल सतत विकास और डिजिटल इंडिया को भी मजबूत करेगी। चूंकि यह तकनीक क्लाउड बेस्ड और फ्यूचर रेडी डिजाइन वाला है, इस कारण भविष्य में इसे आसानी से 5जी सेवाओं में अपग्रेड किया जा सकेगा। साल के अंत तक दिल्ली और मुंबई में बीएसएनएल 5जी सेवा शुरू हो जाने की भी उम्मीद है।

# बेमिसाल थी गांधी जी की स्पष्टवादिता और सत्यनिष्ठा

■ योगेश कुमार गोयल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जीवन पर्यन्त देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। स्वतंत्रता आन्दोलन में उनके अविस्मरणीय योगदान से तो पूरी दुनिया परिचित है। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गांधी जी ने अपनी स्पष्टवादिता और अहिंसक विचारों से पूरी दुनिया को प्रभावित किया था। उन्हीं के द्वारा दिखलाए मार्ग पर चलते हुए लाखों-करोड़ों भारतीय देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराने के लिए स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बने थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता के अनेक किस्से प्रचलित हैं। इन्हीं में कुछ ऐसे प्रसंग भी सामने आते हैं, जब उनकी बातें सुनकर उनके सम्पर्क में आए व्यक्ति का हृदय परिवर्तन हो जाता था। दरअसल लोगों के दिलोदिमाग पर उनकी बातों का जादू सा असर होता था।



गांधी जी एक बार श्रीमती सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। श्रीमती नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देख गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। श्रीमती नायडू का ध्यान जब उस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी और कहने लगी, ''आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौनसे हाथ में पकड़ा जाता है?'' बापू ने जवाब दिया, ''आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं? आजादी की लड़ाई के दिनों में गांधी जी सश्रम कारावास की सजा भुगत रहे थे। एक दिन जब उनके हिस्से का सारा काम समाप्त हो गया तो वे खाली समय में एक ओर बैठकर एक पुस्तक पढ़ने लगे। तभी जेल का एक संतरी दौड़ा-दौड़ा उनके पास आया और उनसे कहने लगा कि जेलर साहब जेल का मुआयना करने इसी ओर आ रहे हैं, इसलिए वो उनको दिखाने के लिए कुछ न कुछ काम करते रहें लेकिन गांधी जी ने ऐसा करने से साफ इन्कार कर दिया और कहा, ''इससे तो बेहतर होगा कि मुझे ऐसे स्थान पर काम करने के लिए भेजा जाए, जहां काम इतना अधिक काम हो कि उसे समय से पहले पूरा किया ही न जा सके। एक बार गांधी जी चम्पारण से बतिया रेलगाड़ी में सफर कर रहे थे। गाड़ी में अधिक भीड़ न होने के कारण वे तीसरे दर्जे के डिब्बे में जाकर एक बर्थ पर लेट गए। अगले स्टेशन पर जब रेलगाड़ी रूकी तो एक किसान उस डिब्बे में चढ़ा। उसने बर्थ पर लेटे हुए गांधी जी को अपशब्द बोलते हुए कहा, ''यहां से खड़े हो जाओ। बर्थ पर ऐसे पसरे पड़े हो, जैसे यह रेलगाड़ी तुम्हारे बाप की है।'' किसान को बिना कुछ कहे गांधी जी चुपचाप उठकर एक ओर बैठ गए। तभी किसान बर्थ पर आराम से बैठते हुए मस्ती में गाने लगा, ''धन-धन गांधी जी महाराज! दुःखियों का दुःख मिटाने वाले गांधी जी ।


दिलचस्प बात यह थी कि वह किसान कहीं और नहीं बल्कि बतिया में गांधी जी के दर्शनों के लिए ही जा रहा था लेकिन इससे पहले उसने गांधी जी को कभी देखा नहीं था, इसलिए रेलगाड़ी में उन्हें पहचान नहीं सका। बतिया पहुंचने पर स्टेशन पर जब हजारों लोगों की भीड़ ने गांधी जी का स्वागत किया, तब उस किसान को वास्तविकता का अहसास हुआ और शर्म के मारे उसकी नजरें झुक गई। वह गांधी जी के चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगा। गांधी जी ने उसे उठाकर प्रेमपूर्वक अपने गले से लगा लिया।

ऐसी ही एक घटना दक्षिण अफ्रीका की है। एक प्रसिद्ध भारतीय व्यापारी रूस्तम जी गांधी जी के मुवक्किल और निकटतम सहयोगी भी थे। वे अपने सभी कार्य अक्सर गांधी जी की सलाह के अनुसार ही किया करते थे। उस दौरान कलकत्ता और बम्बई से उनका काफी सामान आता था, जिस पर वे प्रायः चुंगी चुराया करते थे। उन्होंने यह बात सदैव गांधी जी से छिपाकर रखी। एक बार चुंगी अधिकारियों द्वारा रूस्तम जी की यह चोरी पकड़ ली गई और उनके जेल जाने की नौबत आ गई। वे दौड़े-दौड़े गांधी जी के पास पहुंचे और उन्हें पूरा वृतांत सुना डाला। गांधी जी ने उनकी पूरी बात गौर से सुनने के बाद उन्हें उनके अपराध के लिए कड़ी फटकार लगाई और सलाह दी कि तुम सीधे चुंगी अधिकारियों के पास जाकर अपना अपराध स्वयं स्वीकार कर लो, फिर भले ही इससे तुम्हें जेल की सजा ही क्यों न हो जाए। गांधी जी की सलाह मानकर रूस्तम जी उसी समय चुंगी अधिकारियों के पास पहुंचे और अपना अपराध स्वीकारते हुए भविष्य में फिर कभी ऐसा अपराध नहीं करने का वचन दिया। चुंगी अधिकारी उनकी स्पष्टवादिता से काफी प्रसन्न हुए और उन्होंने उन पर मुकद्दमा चलाने का विचार त्यागकर उनसे चुंगी की बकाया राशि से दोगुनी राशि वसूलकर उन्हें छोड़ दिया।

# नैतिकता की मिसाल थे लाल बहादुर शास्त्री

■ श्वेता गोयल

वर्ष 1964 में प्रधानमंत्री बनने से पहले लाल बहादुर शास्त्री विदेश मंत्री, गृहमंत्री और रेल मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके थे। ईमानदार छवि और सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले लाल बहादुर शास्त्री नैतिकता की मिसाल थे। जब शास्त्री जी प्रधानमंत्री बने, तब उन्हें सरकारी आवास के साथ इंपाला शेवरले कार भी मिली थी लेकिन उसका उपयोग वे बेहद कम किया करते थे। किसी राजकीय अतिथि के आने पर ही वह गाड़ी निकाली जाती थी। एक बार शास्त्री जी के बेटे सुनील शास्त्री किसी निजी कार्य के लिए यही सरकारी कार उनसे बगैर पूछे ले गए और अपना काम पूरा करने के पश्चात् कार चुपचाप लाकर खड़ी कर दी। जब शास्त्री जी को इस बात का पता चला तो उन्होंने ड्राइवर को बुलाकर पूछा कि गाड़ी कितने किलोमीटर चली? ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी कुल 14 किलोमीटर चली है। उसी क्षण शास्त्री जी ने उसे निर्देश दिया कि रिकॉर्ड में लिख दो, 'चौदह किलोमीटर प्राइवेट यूज'। उसके बाद उन्होंने पत्नी ललिता को बुलाकर निर्देश दिया कि निजी कार्य के लिए गाड़ी का इस्तेमाल करने के लिए वह सात पैसे प्रति किलोमीटर की दर से सरकारी कोष में पैसे जमा करवा दें।



प्रधानमंत्री बनने के बाद शास्त्री जी पहली बार अपने घर काशी आ रहे थे, तब पुलिस-प्रशासन उनके स्वागत के लिए चार महीने पहले से ही तैयारियों में जुट गया था। चूंकि उनके घर तक जाने वाली गलियां काफी संकरी थी, जिसके चलते उनकी गाड़ी का वहां तक पहुंचना संभव नहीं था, इसलिए प्रशासन द्वारा वहां तक रास्ता बनाने के लिए गलियों को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया। शास्त्री जी को यह पता चला तो उन्होंने तुरंत संदेश भेजा कि गली को चौड़ा करने के लिए कोई भी मकान तोड़ा न जाए, मैं पैदल ही घर जाऊंगा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1940 के दशक में लाला लाजपत राय की संस्था 'सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी' द्वारा गरीब पृष्ठभूमि वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जीवनयापन हेतु आर्थिक मदद दी जाया करती थी। उसी समय की बात है, जब लाल बहादुर शास्त्री जेल में थे। उन्होंने उस दौरान जेल से ही अपनी पत्नी ललिता को एक पत्र लिखकर पूछा कि उन्हें संस्था से पैसे समय पर मिल रहे हैं या नहीं और क्या इतनी राशि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त है? पत्नी ने उत्तर लिखा कि उन्हें प्रतिमाह पचास रुपये मिलते हैं, जिसमें से करीब चालीस रुपये ही खर्च हो पाते हैं, शेष राशि वह बचा लेती हैं। पत्नी का यह जवाब मिलने के बाद शास्त्री जी ने संस्था को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगली बार से उनके परिवार को केवल चालीस रुपये ही भेजे जाएं और बचे हुए दस रुपये से किसी और जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए। रेलमंत्री रहते हुए शास्त्री जी एक बार रेल के ए.सी. कोच में सफर कर रहे थे। उस दौरान वे यात्रियों की समस्या जानने के लिए जनरल बोगी में चले गए। वहां उन्होंने अनुभव किया कि यात्रियों को कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे वे काफी नाराज हुए और उन्होंने जनरल डिब्बे के यात्रियों को भी सुविधाएं देने का निर्णय लिया। रेल के जनरल डिब्बों में पहली बार पंखा लगवाते हुए रेलों में यात्रियों को खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पैंट्री की सुविधा भी उन्होंने शुरू करवाई। 2 अक्तूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में जन्मे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आज हम जयंती मना रहे है। उनके बाद कई प्रधानमंत्रियों ने देश की बागडोर संभाली लेकिन उनके जितना सादगी वाला कोई भी दूसरा प्रधानमंत्री देखने को नहीं मिला। सही मायनों में शास्त्री जी को उनकी सादगी, कुशल नेतृत्व और जनकल्याणकारी विचारों के लिए ही स्मरण किया जाता है और सदैव किया भी जाता रहेगा। उनके पदिचन्हों पर चलने का संकल्प लेना ही सच्चे अर्थों में उन्हें हमारी श्रद्धांजलि होगी।

**लाल बहादुर शास्त्री ने सारा जीवन सादगी से बिताते हुये गरीबों की सेवा में लगाया :** लाल बहादुर शास्त्री के मन में बचपन से देश भक्ति की भावना भरी थी। अपनी इसी भावना के चलते उन्होने राष्ट्रीय स्तर पर कुछ करने का मन बना लिया था। जब गांधी जी ने देशवासियों से असहयोग आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया था उस समय शास्त्रीजी केवल सोलह वर्ष के थे। महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होने अपनी पढ़ाई छोड़ देने का निर्णय कर लिया था। उनके इस निर्णय ने उनकी मां की उम्मीदें तोड़ दीं। उनके परिवार ने उनके इस निर्णय को गलत बताते हुए उन्हें रोकने की बहुत कोशिश की लेकिन वे इसमें असफल रहे। लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से सात मील दूर रेलवे टाउन मुगलसराय में हुआ था। उनके पिता एक स्कूल शिक्षक थे। जब लाल बहादुर शास्त्री केवल डेढ़ वर्ष के थे। तभी उनके पिता का देहांत हो गया था। उनकी मां अपने तीनों बच्चों के साथ अपने पिता के घर जाकर बस गईं। उस छोटे-से शहर में लाल बहादुर की स्कूली शिक्षा कुछ खास नहीं रही। उन्हें वाराणसी में चाचा के साथ रहने के लिए भेज दिया गया था।

# समाज के सहयोग से संघ शताब्दी यात्रा सुगम बनी

■ दत्तात्रेय होसबाले

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य को अभी सौ वर्ष पूर्ण हो रहे है। इस सौ वर्ष की यात्रा में कई लोग सहयोगी और सहभागी रहे हैं। यह यात्रा परिश्रम पूर्ण और कुछ संकटों से अवश्य घिरी रही, परंतु सामान्य जनों का समर्थन उसका सुखद पक्ष रहा। आज जब शताब्दी वर्ष में सोचते हैं तो ऐसे कई प्रसंग और लोगों का स्मरण आता है, जिन्होंने इस यात्रा की सफलता के लिए स्वयं सब कुछ समर्पित कर दिया।



प्रारंभिक काल के वे युवा कार्यकर्ता एक योद्धा की तरह देश प्रेम से ओत-प्रोत होकर संघ कार्य हेतु देशभर में निकल पड़े। अप्पाजी जोशी जैसे गृहस्थ कार्यकर्ता हों या प्रचारक स्वरूप में दादाराव परमार्थ, बालासाहब व भाऊराव देवरस बंधु, यादवराव जोशी, एकनाथ रानडे आदि लोग डॉक्टर हेडगेवार जी के सान्निध्य में आकर संघ कार्य को राष्ट सेवा का जीवनव्रत मानकर जीवन पर्यन्त चलते रहे।

संघ का कार्य लगातार समाज के समर्थन से ही आगे बढ़ता गया। संघ कार्य सामान्य जन की भावनाओं के अनुरूप होने के कारण शनैः शनैः इस कार्य की स्वीकार्यता समाज में बढ़ती चली गई। स्वामी विवेकानंद से एक बार उनके विदेश प्रवास में यह पूछा गया कि आपके देश में तो अधिकतम लोग अनपढ़ हैं, अंग्रेज़ी तो जानते ही नहीं हैं, तो आपकी बड़ी-बड़ी बातें भारत के लोगों तक कैसे पहुँचेगी? उन्होंने कहा कि जैसे चींटियों को शक्कर का पता लगाने के लिए अंग्रेज़ी सीखने की ज़रूरत नहीं है, वैसे ही मेरे भारत के लोग अपने आध्यात्मिक ज्ञान के चलते किसी भी कोने में चल रहे सात्विक कार्य को तुरंत समझ जाते हैं व वहीं वो चुपचाप पहुँच जाते हैं। इसलिए वे मेरी बात समझ जायेंगे। यह बात सत्य सिद्ध हुई। वैसे ही संघ के इस सात्विक कार्य को धीरे क्यों न हो, सामान्य जन से स्वीकार्यता व समर्थन लगातार मिल रहा है।



संघ कार्य के प्रारंभ से ही संपर्कित व नये-नये सामान्य परिवारों द्वारा संघ कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद व आश्रय प्राप्त होता रहा। स्वयंसेवकों के परिवार ही संघ कार्य संचालन के केंद्र रहे। सभी माता-भगिनियों के सहयोग से ही संघ कार्य को पूर्णता प्राप्त हुई। दत्तोपंत ठेंगड़ी या यशवंतराव केलकर, बालासाहेब देशपांडे तथा एकनाथ रानडे, दीनदयाल उपाध्याय या दादासाहेब आपटे जैसे लोगों ने संघ प्रेरणा से समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में संगठनों को खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई। ये सभी संगठन वर्तमान समय में व्यापक विस्तार के साथ-साथ उन क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समाज की बहनों के मध्य इसी राष्ट कार्य हेतु राष्ट सेविका समिति के माध्यम से मौसी जी केलकर से लेकर प्रमिलाताई मेढ़े जैसी मातृसमान हस्तियों की भूमिका इस यात्रा में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

संघ द्वारा समय-समय पर राष्टीय हित के कई विषयों को उठाया गया। उन सभी को समाज के विभिन्न लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ, जिनमें कई बार सार्वजनिक रूप से विरोधी दिखने वाले लोग भी शामिल रहे। संघ का यह भी प्रयास रहा कि व्यापक हिंदू हित के मुद्दों पर सभी का सहयोग प्राप्त किया जाए। राष्ट की एकात्मता, सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द तथा लोकतंत्र एवं धर्म-संस्कृति की रक्षा के कार्य में असंख्य स्वयंसेवकों ने अवर्णनीय कष्ट का सामना किया और सैकड़ों का बलिदान भी हुआ। इन सबमें समाज के संबल का हाथ हमेशा रहा है। 1981 में तमिलनाडु के मीनाक्षीपुरम में भ्रमित करते हुए कुछ हिंदुओं का मतांतरण करवाया गया। इस महत्वपूर्ण विषय पर हिंदू जागरण के क्रम में आयोजित लगभग पाँच लाख की उपस्थिति वाले सम्मेलन की अध्यक्षता करने हेतु तत्कालीन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. कर्णसिंह उपस्थित रहे। 1964 में विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना में प्रसिद्ध संन्यासी स्वामी चिन्मयानंद, मास्टर तारा सिंह व जैन मुनी सुशील कुमार जी, बौद्ध भिक्षु कुशोक बकुला व नामधारी सिख सद्गुरु जगजीत सिंह इनकी प्रमुख सहभागिता रही। हिन्दू शास्त्रों में अस्पृश्यता का कोई स्थान नहीं है यह पुनर्स्थापित करने के उ?द्देश्य से श्री गुरुजी गोलवलकर की पहल पर उडुपी में आयोजित विश्व हिंदू सम्मेलन में पूज्य धर्माचार्यों सहित सभी संतों-महंतों का आशीर्वाद व उपस्थिति रही। जैसे प्रयाग सम्मेलन में न हिंदुः पतितो भवेत् (कोई हिन्दू पतित नहीं हो सकता) का प्रस्ताव स्वीकार हुआ था वैसे ही इस सम्मेलन का उद्घोष था - हिंदवः सोदराः सर्वे अर्थात सभी हिन्दू भारत माता के पुत्र हैं। इन सभी में तथा गौहत्या बंदी का विषय हो या राम जन्मभूमि अभियान, संतों का आशीर्वाद संघ स्वयंसेवकों को हमेशा प्राप्त होता रहा है। स्वाधीनता के तुरंत पश्चात राजनीतिक कारणों से संघ कार्य पर तत्कालीन सरकार द्वारा जब प्रतिबंध लगाया गया, तब समाज के सामान्य जनों के साथ अत्यंत प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने विपरीत परिस्थितियों में भी संघ के पक्ष में खड़े होकर इस कार्य को संबल प्रदान किया। यही बात आपातकाल के संकट समय में भी अनुभव में आई। यही कारण है कि इतनी बाधाओं के पश्चात भी संघ कार्य अक्षुण्ण रूप से निरंतर आगे बढ़ रहा है। इन सभी परिस्थितियों में संघ कार्य एवं स्वयंसेवकों को सँभालने का दायित्व हमारी माता-भगिनीयों ने बड़ी कुशलता से निभाया। यह सभी बातें संघ कार्य हेतु सर्वदा प्रेरणास्रोत बन गयी हैं। भविष्य में राष्ट की सेवा में समाज के सभी लोगों के सहयोग एवं सहभागिता के लिए संघ स्वयंसेवक शताब्दी वर्ष में घर-घर संपर्क के द्वारा विशेष प्रयास करेंगे। देशभर में बड़े शहरों से लेकर सुदूर गाँवों के सभी जगहों तक तथा समाज के सभी वर्गों तक पहुँचने का प्रमुख लक्ष्य रहेगा। समूचे सज्जन शक्ति के समन्वित प्रयासों द्वारा राष्ट के सर्वांगीण विकास की आगामी यात्रा सुगम एवं सफल होगी।

*(लेखक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह हैं)*

## आज का इतिहास

- ✳1492 - ब्रिटेन के किंग हेनरी सप्तम ने फ्रांस पर आक्रमण किया।
- ✳1924 - राष्ट्रसंघ को शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से लाया गया जेनेवा प्रस्ताव 1924 महासभा द्वारा स्वीकृत हुआ किंतु बाद में उसकी पुष्टि नहीं हुई।
- ✳1951 - श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की।
- ✳1952 - सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूआत हुई।
- ✳1961 - बम्बई (अब मुंबई) में शिपिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया का गठन।
- ✳1971 - तत्कालीन राष्ट्रपति वी.वी. गिरि ने गांधी सदन के नाम से प्रसिद्ध बिड़ला हाउस देश को समर्पित किया। यहीं पर महात्मा गांधी की हत्या हुई थी।
- ✳1982 - तेहरान में बम विस्फोट से 60 मरे, 700 घायल।
- ✳1985 - दहेज निषेधाज्ञा संशोधन अधिनियम अस्तित्व में आया।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## आंचलिक

### रायपुर, बिलासपुर कोरबा...

समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश के 35 वृद्धाश्रमों में 1049 वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल की जा रही है तथा 6 जिलों में प्रशामक देखरेख गृह संचालित हैं। विभागीय हेल्पलाइन के माध्यम से अब तक 54 हजार से अधिक वरिष्ठजनों की समस्याओं का समाधान किया गया है।

इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, इन्द्र कुमार साहू, अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त विकास निगम अध्यक्ष लोकेश कावड़िया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

पर्यटन साथी पहल- जिला प्रशासन रायपुर और इज माय ट्रिप के बीच एमओयू

कार्यक्रम में पर्यटन साथी पहल के लिए ईज़ माई ट्रिप और जिला प्रशासन के मध्य एमओयू हुआ। मुख्यमंत्री ने इस विशेष पहल के लिए जिला प्रशासन की टीम को बधाई दी और कहा कि युवाओं के लिए रोजगार नए अवसर खुलेंगे और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन साथी पहल के तहत युवाओं को आईटीआई सड्डू में टूर गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रति बैच 50 युवाओं को शामिल किया जाएगा और प्रशिक्षण तीन महीने में पूरा होगा।

### संघ ने देश के सामने आने ...

उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान पूरी दुनिया ने संघ के साहस और सेवा भावना को प्रत्यक्ष रूप से देखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जाति-आधारित भेदभाव जैसी गहरी जड़ें जमाए बैठी सामाजिक बुराइयाँ लंबे समय से हिंदू समाज के लिए एक गंभीर चुनौती रही हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार से लेकर आज तक संघ के प्रत्येक सरसंघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के विरुद्ध लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत ने समाज के सामने सामाजिक समरसता का एक स्पष्ट लक्ष्य रखा है जिसमें ÷एक कुआँ, एक मंदिर और एक श्मशान÷ की बात कही गयी है। उन्होंने कहा कि संघ ने इस संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाया है और भेदभाव, विभाजन और कलह से मुक्त समाज का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि यही समरसता और समावेशी समाज के संकल्प का आधार है, जिसे संघ नए जोश के साथ मज़बूत करता रहता है।

श्री मोदी ने कहा कि एक सदी पहले जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी, उस समय की जरूरतें और संघर्ष अलग थे। भारत सदियों पुरानी राजनीतिक पराधीनता से मुक्ति पाने और अपने सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रयासरत था। उन्होंने कहा कि आज जब भारत एक विकसित राष्ट बनने की ओर अग्रसर है और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है तो चुनौतियाँ भी बदल गई हैं। आबादी का एक बड़ा हिस्सा गरीबी से उबर रहा है, नए क्षेत्र युवाओं के लिए अवसर पैदा कर रहे हैं और भारत कूटनीति से लेकर जलवायु नीतियों तक वैश्विक स्तर पर अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज की चुनौतियों में दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, राष्टीय एकता को तोड़ने की साजिशें और जनसांख्यिकीय बदलाव शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि सरकार इन मुद्दों का शीघ्रता से समाधान कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आत्मनिर्भरता अब एक विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। प्रधानमंत्री ने समाज से स्वदेशी के मंत्र को सामूहिक संकल्प के रूप में अपनाने का आह्वान किया और सभी से ÷वोकल फ़ॉर लोकल÷ अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा समर्पित करने का आग्रह किया।

### केंद्रीय कारागार जगदलपुर में महिला बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान में मंगलवार को शहरी स्वास्थ्य टीम ने जगदलपुर केंद्रीय कारागार का भ्रमण किया। टीम ने कारागार के महिला कोष्ठ में बंद 52 महिला बंदियों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया।

यह शिविर महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, ताकि जेल में बंद महिलाओं को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ और परामर्श मिल सके। स्वास्थ्य टीम ने बंदियों के शारीरिक स्वास्थ्य की सामान्य जाँच की, आवश्यक चिकित्सा सलाह और बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आगे भी जारी रहेगा ताकि महिला बंदियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिल सके और वे ''स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार'' की संकल्पना को साकार करने में सहयोग दे सकें।

### श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत बस्तर जिले के 87 तीर्थ यात्रियों को किया गया रवाना



समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत 30 सितंबर की शाम को बस्तर जिले के कुल 87 तीर्थ यात्रियों को टाउन हॉल के सामने बस से रवाना किया गया। सांसद श्री महेश कश्यप, नगर निगम महापौर श्री संजय पांडे, श्री वेद प्रकाश पांडे, रामाश्रय सिंह ने श्रीरामलला दर्शन योजना के यात्रियों को पुष्प भेंट कर सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी। यात्रा के प्रारम्भ होने से पूर्व सभी यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। जिले में श्रीरामलला दर्शन योजना समिति के सदस्य श्री रामाश्रय सिंह एवं अन्य अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया है। जिले से विगत वर्ष से अब तक 873 तीर्थ यात्रियों को अयोध्या धाम यात्रा से लाभान्वित किया जा चुका है। इस अवसर पर जिला पंचायत अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी श्री बीरेंद्र बहादुर सहित जिला पंचायत कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जगमगाया ग्राम दमोदा के मेश्राम का घर



**दुर्ग।** दुर्ग जिले के ग्राम दामोदा निवासी गरिबा राम मेश्राम ने अपने घर में 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगाकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाया है। श्री मेश्राम बताते हैं कि उनके घर में एसी और अन्य उपकरणों के कारण हर महीने हज़ार रुपए से अधिक का बिजली बिल आता था। खपत कम करने की कोशिशों के बावजूद ज्यादा फ़र्क़ नहीं पड़ा और लगातार बढ़ता बिल उनके लिए चिंता का कारण बन गया था। इसी बीच उन्हें समाचार पत्र में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत योजना की जानकारी ली और मार्च माह में 5 किलोवाट का पैनल अपने घर में लगवाया। इसकी कुल लागत 2.80 लाख रुपए आई, जिसमें से 78 हज़ार रुपए की राशि सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में सीधे उनके खाते में भेजी गई। श्री मेश्राम बताते हैं कि सोलर पैनल लगने के बाद अब तक उन्हें केवल 190 रुपए का ही बिल चुकाना पड़ा है, वहीं 1400 यूनिट बिजली सरकार को बेचकर अतिरिक्त आय भी अर्जित की है। अब उन्हें हर महीने आने वाले भारी-भरकम बिजली बिल से मुक्ति मिल गई है और कमाई का नया ज़रिया भी शुरू हो गया है। श्री मेश्राम ने योजना का लाभ उठाने के लिए अन्य ग्रामीणों को भी प्रेरित किया है और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### बालोद जिले को मिली देश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि

**बालोद।** जिला प्रशासन के सतत प्रयासों से एवं समाज के सभी वर्गों के सहयोग से पिछले सवा दो वर्षों के अवधि के दौरान एक भी बाल विवाह के प्रकरण प्राप्त नही होने पर बालोद जिले को देश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुआ है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं संपूर्ण जिलेवासियों के सहयोग से बालोद जिले को देश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने का गौरव प्राप्त होने पर बालोद जिला प्रशासन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भी बालोद जिले को मिले इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने बालोद जिले के इस उपलब्धि को छत्तीसगढ़ राज्य सहित संपूर्ण देश के लिए प्रेरणादायी बताया। उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के किसी भी ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में मई 2023 के पश्चात् अब तक एक भी बाल विवाह के प्रकरण प्राप्त नही होने पर जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से बालोद जिले को यह महत्वपूर्ण उलपब्धि हासिल हुआ है। विदित हो कि बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय बनने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में विगत 02 वर्षों में एक भी बाल विवाह के प्रकरण प्राप्त नही होना अनिवार्य है। बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय बनने के प्रक्रिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत के लिए ग्राम सभा बुलाकार इस संबंध में प्रस्ताव पारित कराना अनिवार्य होता है।

# सियान घर की छांव हैं, जिसमें परिवार सुरक्षित रहता है : मंत्री गजेन्द्र यादव

### अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मंत्री गजेंद्र यादव ने वरिष्ठजनों को किया सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन आज नगर के स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने वरिष्ठजनों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया।

मंत्री श्री यादव ने सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो जीवन है वह अमूल्य है। घर में संस्कार देने का कार्य अगर कोई करता है, तो वह हमारे सियान (बुजुर्ग) करते हैं। वे ही घर की छांव हैं, जिनके साये में परिवार सुरक्षित रहता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में हम अक्सर माता-पिता, भाई-बहन, बच्चों और नौकरी की जिम्मेदारियों में इतना उलझ जाते हैं। ऐसे में बुजुर्गों के साथ समय बिताना, उनकी बात सुनना और उन्हें सम्मान देना, सबसे बड़ा संस्कार भूल जाते हैं। मंत्री श्री यादव ने कहा कि जब भी वरिष्ठजनों के केंद्रों की जरूरत सामने आएगी, वहां हर संभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा जिंदगी जिंदादिली का दूसरा नाम है, इसे हमेशा मुस्कुराते हुए जीना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रेरणादायक गीत- 'छईया भुईया ला छोड़ जवैया, तैं थिराबे कहॉ रे। पंछी उड़थे अगास, करथे बिरछा हमार', का गायन कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने वरिष्ठ विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा को भी शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विधायक श्री कोर्सेवाड़ा ने कहा कि सियान (वृद्धजनों) का अनुभव और उनके दिए हुए संस्कार ही आने वाली पीढ़ियों के मार्गदर्शक हैं। आज राज्य प्रगति की राह पर अग्रसर हैं, ऐसे समय में बुजुर्गों की बची हुई उम्र को समाज सेवा जैसे पुण्य कार्यों में लगाना चाहिए। इससे न केवल समाज को लाभ मिलेगा, बल्कि बुजुर्गों का समय भी सार्थकता के साथ व्यतीत होगा। हमारी संस्कृति, हमारी भाषा और हमारी बोली को जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। यही हमारी पहचान है और इसे हमें सहेजकर अगली पीढ़ियों तक पहुंचाना है। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है। भारत की संस्कृति और सभ्यता का मूल आधार ही बड़ों का सम्मान करना है। बुजुर्गों के अनुभव और जीवन के त्याग से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है, जो हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को दिशा देता है। जब हमें वरिष्ठों का आशीर्वाद मिलता है, तब कोई भी कार्य बड़ा या कठिन नहीं लगता। वरिष्ठजनों से सीखी बातें अगर हम अपने जीवन में आत्मसात कर लें, तो हमारा जीवन सफल और संस्कारपूर्ण बन सकता है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि वृद्धावस्था एक ऐसा समय होता है जब व्यक्ति चिंता मुक्त होकर जीवन जी सकता है, ठीक वैसे ही जैसे बाल्यावस्था में कोई तनाव नहीं होता। वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को सराहते हुए कहा कि सभी वरिष्ठजनों ने अपने जीवन में समाज के उत्थान और मार्गदर्शन के लिए कार्य किया है।

## सांसद संतोष पाण्डेय ने रामलला दर्शन के लिए 876 तीर्थ यात्रियों की स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पाण्डेय ने आज रेल्वे स्टेशन राजनांदगांव से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 13 जिलों के 876 तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्री विशेष ट्रेन को रवाना किया। राज्य शासन की महत्वपूर्ण श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से जाने वाले दर्शनार्थियों में भारी उत्साह एवं खुशी का पल रहा।



जयश्री राम के जयकारे के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए विदा किया गया। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रभु श्री रामलला दर्शन करने के लिए यात्रियों में बहुत उत्साह है। उन्होंने बताया कि प्रभु श्री राम अपने वनवास काल में छत्तीसगढ़ राज्य में बहुत लम्बा समय बिताए। अयोध्या जाकर प्रभु श्री राम के दर्शन करने की सभी की इच्छा होती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप निःशुल्क प्रभु श्री रामलला दर्शन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए बस्तर संभाग के सुदूर अंचल के श्रद्धालुओं में खुशी की लहर देखते बन रही है। बस्तर संभाग के नागरिक देश एवं प्रदेश की मुख्यधारा में सम्मिलित हो चुके हैं। उन्होंने सभी दर्शनार्थियों को शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड श्री नीलू शर्मा ने कहा कि आज शक्ति, भक्ति और अराधना नवरात्रि के महापर्व पर दुर्ग और बस्तर संभाग के 876 श्रद्धालु यात्री रवाना हुए हैं।

## आईआईटी भिलाई में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन



समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** तकनीकी शिक्षण, अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में गौरवपूर्ण स्थान रखने वाले आईआईटी भिलाई, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने हर बार की तरह इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़े का आयोजन 16 से 30 सितम्बर 2025 तक किया गया। हिंदी पखवाड़े के आयोजन को लेकर संस्थान के सभी सदस्यों में काफी उत्सा ह और उमंग रहा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान में हिंदी पखवाड़े को लेकर काफी उत्साह देखा गया। जिसमें निबंध, कविता पाठ, स्वरचित कविता लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने काफी उत्साह से भाग लिया। हिंदी पखवाड़े के दौरान काव्य सम्मलेन एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। पखवाडे का समापन समारोह 30 सितम्बर को आयोजित किया गया। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

आईआईटी भिलाई के कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता तथा उसके उत्तरोतर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से हिंदी पखवाड़ा कारगर साबित हुआ है। हिंदी भाषा बातचीत का सबसे सरल और व्यापक माध्यम है, और यह विविध भारत को एकजुट करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पखवाड़े के माध्यम से सभी कर्मचारियों ने ना केवल हिंदी के महत्व को समझा बल्कि उन्हेंव रोजमर्रा के सरकारी कामकाज को हिंदी में करने के लिए प्रेरणा भी मिली। आईआईटी भिलाई के निदेशक, प्रोफेसर राजीव प्रकाश के मार्गदर्शन में यह पखवाड़ा सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

## विधायक चंद्राकर ने मां जगत जननी जगदम्बा की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कातरो, उतई अंडा, निकुम, रसमडा, कुथरेल, रिसाली, पुरैना व मरोदा भिलाई पवार हाउस सैक्टर 07 –स्थित दुर्गा पंडालों में पहुँचकर महानवमी के पावन पर्व माँ जगतजननी दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। साथ ही आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरण किया और प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने क्षेत्र एवं प्रदेश की जनता को शारदीय नवरात्रि की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा ङ्कनवरात्रि शक्ति और साधना का पर्व है। माँ दुर्गा की उपासना से हमें जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और सच्चाई पर चलने की प्रेरणा मिलती है। यह पर्व सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। आइए हम सब मिलकर माँ दुर्गा से यह प्रार्थना करें कि हमारे क्षेत्र और प्रदेश में सुख-शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारा बना रहे। उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल अनुपम साहू, लिकेश्वर देशमुख गिरेश साहू हेमन्त सिन्हा, डीलेश साहू जयप्रकाश फ़त्तेलाल सोनू राजपूत सतीश कुमार चंदू देवांगन मनमोहन ओमेश्वर राजू हरीश यादव शिव निर्मल विनोद साहू नंदू निर्मलकर देवी नारायण साहू मुकेश मंडाले सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

## मां महामाया मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आज होगा रावण दहन

**कुम्हारी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महामाया मंदिर प्रांगण में रावण दहन का आयोजन किया गया है। माँ महामाया मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने बताया कि इस वर्ष ट्रस्ट द्वारा 30 फीट के रावण का निर्माण कराया जा रहा है साथ ही लोगों के मनोरंजन के लिए आकर्षक आतिशबाजी की भी व्यवस्था की गई है। नगर का यह आयोजन वर्षों से आकर्षण का केंद्र रहा है।

# शासकीय कन्या हाईस्कूल कई समस्याओं से जूझ रहा है: शर्मा

### समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

समवेत शिखर संवाददाता



**कुम्हारी।** वर्षों से कुम्हारी बाजार चौक स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है लगभग 850 अध्यनरत विद्यार्थियों वाले इस स्कूल में कुम्हारी के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चे पढ़ने आते हैं। यह विद्यालय सबसे पुराने विद्यालय में से एक है। गौरतलब है कि विगत वर्षों में नगर के कई विद्यालयों के लिए पर्याप्त कार्य हुए लेकिन इस विद्यालय की किसी ने अबतक सुध नही ली।

सुरक्षा की दृष्टि से भी इस विद्यालय की हालत दयनीय है जीर्ण शीर्ण दीवारों की ऊंचाई भी इतनी कम है कि कोई भी इसे आसानी से फांद सकता है जिससे शासकीय सम्पतियों की सुरक्षा पर भी सवाल उठते हैं इसके अलावा शौचालय, खेल मैदान के अलावा सी सी टीवी कैमरे के अभाव में यहां आपराधिक गतिविधियों से भी इंकार नही किया जा सकता। चूंकि नगर के मध्य स्थित यह स्कूल दुकानों और घरों से घिरा हुआ है ऐसे में उनके लिए तकलीफऔर बढ़ जाती है। इन्ही गंभीर समस्याओं के मद्देनजर वर्तमान शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा ने स्कूल शिक्षा मंत्री (छ ग शासन) को एक पत्र प्रेषित कर यहां की समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षित किया है अपने पत्र में उन्होंने बालक बालिकाओं के लिए सुविधायुक्त शौचालय सहित शाला के बाउंड्रीवाल, टेबल बेंच, प्राचार्य कक्ष, व्यवस्थित खेल मैदान, शुद्ध पेयजल हेतु वाटर प्यूरीफायर एवं 30 नग पंखे की मांग की है। इन सबके अलावा उच्च कक्षा के विद्यार्थियों हेतु सुसज्जित वाचनालय, विज्ञान प्रयोगशाला एवं प्रयोगशाला शिक्षक की भी मांग की है ताकि वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहे यह विद्यालय भी शिक्षा के क्षेत्र में एक मॉडल बन विद्यार्थियों का सुंदर भविष्य गढ़ सके।

## पीओएसएच एक्ट का पालन न करने पर 50 हजार का जुर्माना, कलेक्टर ने निजी संस्थानों को दिए सख्त निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के सभी अशासकीय कार्यालयों/संस्थाओं/व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सर्व प्रमुख को महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 (पीओएसएच) के कियान्वयन के सबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए है। निर्देशानुसार जिले के अंतर्गत ऐसे समस्त अशासकीय कार्यालयों/संस्थाओं/व्यापारिक प्रतिष्ठानों, जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है, वहां पीओएसएच एक्ट 2013 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन किये जाएंगे। पीओएसएच एक्ट 2013 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति के गठन का आदेश जारी करने की जिम्मेदारी कार्यस्थल के प्रत्येक नियोक्ता की होगी। सभी अशासकीय कार्यालयों/ संस्थाओं/ व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालको को निर्देशित किया गया है कि एक सप्ताह के भीतर आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर आदेश की कॉपी एवं निर्धारित प्रारूप में अद्यतन जानकारी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-दुर्ग को हॉर्ड कॉपी एवं dpodurg@gmail.com में सॉफ्ट कॉपी प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के द्वारा निर्देश दिये गये है कि गठित समितियों का महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार व्दारा सृजित (शी-बॉक्स) पोर्टल पर 14 अक्टूबर 2025 के पूर्व ऑनबोर्ड किया जाना आवश्यक है।

# शासन और प्रशासन के ठोस प्रयासों के चलते जिले में औद्योगिकीकरण की नई लहर दिख रही

समवेत शिखर संवाददाता



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ का धमतरी जिला अपनी भौगोलिक स्थिति, कृषि संपन्नता और संसाधनों की प्रचुरता के कारण औद्योगिक मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। राजधानी रायपुर और औद्योगिक नगरी दुर्ग-भिलाई के निकट होने से यह जिला निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयुक्त सिद्ध हो रहा है। शासन और प्रशासन के ठोस प्रयासों के चलते जिले में औद्योगिकीकरण की नई लहर दिखाई दे रही है। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं बल्कि जिले की आर्थिक प्रगति को भी नई गति मिल रही है।

**मुख्यमंत्री की पहल और औद्योगिक क्षेत्र का विकास :**हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा धमतरी जिले के करेली बड़ी और भालूझूलन में फूड पार्क का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। यह फूड पार्क कृषि आधारित उद्योगों को नई दिशा प्रदान करेगा तथा किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त करेली बड़ी, भालूझूलन और जामगांव में औद्योगिक क्लस्टरों का विकास किया गया है। ये स्थल रायपुर से अत्यंत निकट होने के कारण निवेशकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। धमतरी जिले में पाँच औद्योगिक क्लस्टरों की योजना है। इनमें से तीन क्लस्टरों का लोकार्पण हो चुका है तथा शेष का भूमिपूजन शीघ्र ही किया जाएगा। इन क्लस्टरों से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को मजबूती मिलेगी। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध होगा।

**मेगा फूड पार्कों की संभावनाएं :** धान की प्रचुर उपज के कारण धमतरी को धान का कटोरा कहा जाता है। जिले में धान से संबंधित उद्योगों जैसे राइस मिल, चावल आधारित प्रसंस्कृत उत्पाद, पैकेजिंग इकाइयाँ और बाय-प्रोडक्ट उद्योगों की अपार संभावनाएँ हैं। इसी दृष्टि से शासन द्वारा छाती और कचना में मेगा फूड पार्क की स्थापना का प्रस्ताव तैयार किया गया है। विशेष रूप से छाती क्षेत्र का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। इसके स्वीकृत होने पर जिले की औद्योगिक संरचना और अधिक सुदृढ़ होगी। इन मेगा फूड पार्कों में धान, सब्ज़ी, दलहन और अन्य कृषि उत्पादों का वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीक से प्रसंस्करण किया जाएगा। तैयार उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाने की योजना है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और जिले की आर्थिक स्थिति और मजबूत बनेगी।

**प्रशासन की सक्रियता और कलेक्टर की भूमिका :** जिले में औद्योगिकीकरण को गति देने में प्रशासन की भूमिका उल्लेखनीय है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा स्वयं औद्योगिक योजनाओं के क्रियान्वयन पर सतत् निगरानी रख रहे हैं।


### आम-सूचना

(ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28, रा.नि.मं. अभनपुर, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नं, 1188/1, 1189, रकबा 0.30, 0.23 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा-0.53 हे. भूमि के संबंध में)

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने **1. रीना सोनी पति पवन कुमार सोनी 2. मीना सोनी पति श्री गिरधर लाल सोनी, दोनों, निवासी रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर छग** के स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि वाके मौजा **ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं.- 28, रा.नि.मं. अभनपुर, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छग में स्थित खसरा नं.- 1188/1, 1189, रकबा 0.30, 0.23 है। कुल खसरा- 02 कुल रकबा 0.53 हे.** भूमि को कय करने का पक्का सौदा तय कर इस आशय का अग्रिम ब्याना अदा कर अपने पक्ष में विकय इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया तथा मात्र बैनामा पंजीयन कराना शेष है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व आधिपत्या एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था निकाय बोर्ड, प्राधिकरण शासन एवं प्रशासन आदि को उक्त संव्यवहार पर उजर, दावा आपत्ति हो तो मेरे समक्ष मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तवेज आपत्ति इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि पश्चात् मेरे पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा बाद म्याद की गयी अत्ति अवैध एवं शून्य होगी जो मेरे पक्षकार पर बंधन कारी नहीं होगी।

**अतः सो सूचना जाने।**

**दिनांकः- 29/09/2025**

सुरेश कोसरे
अधिवक्ता
मो.नं.-7987865057

### न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

राजस्व प्रकरण क्रमांक
202507100900039 अ/6
वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 07 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक ओमान कुमार बंजारे पिता धिराजी राम बंजारे निवासी पाहंदा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 07, तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 198/2, 266/2 रकबा 0.29, 0.20 हे. में दर्ज खातेदार भूमिस्वामी पुनई पिता मंगला का दिनांक 25.04.2024 फौत होने से उसके नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों के नाम फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक ओमान कुमार बंजारे पिता धिराजी राम बंजारे निवासी पाहंदा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा दर्शित फौती नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 10/10/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/07/2025 को जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
पाटन

### न्यायालय नायब तहसीलदार, साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**//ईश्तहार//**

क्रं./ /प्र.-1/ना. तह./ 2025

साजा, दिनांक 25/09/2025

जन्म प्रमाण पत्र/ब-121 सन् 2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **थानुराम पिता मनीराम जाति तेली निवासी ग्राम रौद्रा प.ह.नं. 07 तहसील साजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.) के** द्वारा अपने **पिता मनीराम का मृत्यु दिनांक 07/10/2005 को ग्राम रौद्रा प.ह.नं. 07 तहसील साजा जिला-बेमेतरा** में हो जाने के कारण पंजीयन कराने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के बैंक का चालान, शपथ पत्र ग्राम पंचायत के सरपंच का हस्ताक्षरित पंचनामा प्रस्तुत किया है।

अतः संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार उजर अथवा आपत्ति हो तो नियत पेशी **दिनांक 13/10/2025** तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

आज **दिनांक 25/09/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालन दण्डाधिकारी**
**साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

राजस्व प्रकरण क्रमांक
202509100900055 अ/6
वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम लोहरसी प.ह.नं. 18 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कान्तु कुमार चन्द्राकर पिता सीताराम चन्द्राकर निवासी ग्राम लोहरसी, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा मेरे चाचा ब्रम्हानंद पिता भुवन द्वारा ग्राम लोहरसी प.ह.नं. 18 तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 350/4, 459/4, 719/4, 721/4 रकबा 0.03, 0.08, 0.04, 0.08 भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 26.06.1996 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित कर किया गया व ब्रम्हानंद पिता भुवन का दिनांक 21.01.2022 को फौत हो जाना किन्तु कान्तु कुमार चन्द्राकर पिता सीताराम चन्द्राकर द्वारा उक्त भूमि को अपने नाम पर नामांतरण नहीं करवा पाये थे, अतएव पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर उक्त भूमि को आवेदक अपने नाम नामांतरण दर्ज किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक कान्तु कुमार चन्द्राकर पिता सीताराम चन्द्राकर निवासी ग्राम लोहरसी, तहसील, पाटन जिला दुर्ग छ.ग. दर्शित वसीयतनामा नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 21/10/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/09/2025 को जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
पाटन

### GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
### OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
### MAHANADI CIRCLE, RAIPUR (CHHATTISGARH)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(First Call)**

**System Tender No. 176777/ NIT No.: 06/SAC/25-26** **Dated: 29.09.2025**

Online Tenders are invited for the following works up to 22.10.2025 at 17.30 Hours.

**Name of work** - Operation and Maintenance of Electrical Work of Garden Located at Mahadevghat in Block Patan, District Durg.

Probable Amount of Contract : - **Rs. 116.07 Lakhs**

**(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022 of W.R.D. and S.O.R dated 01.06.2020 of P.W.D.).**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 06.10.2025, at 17.31 Hours.(IST) onwards.**

**NOTE :-** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

**Executive Engineer**
**Water Management Division No. 1,**
**Raipur For, Superintending Engineer**
**Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)**

**G-252603874/6**

# किसान पंजीयन और गिरदावरी की सूची ग्राम पंचायतों में चस्पा करें : कलेक्टर

### ग्राम पंचायतों में आज से 14 अक्टूबर तक होगा ग्राम सभाओं का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 30 सितंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय.सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, विभागवार लंबित मामलों एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि अगस्त माह का जीएसटी आज ही जमा किया जाए। जिन विभागों के जीएसटी रिटर्न जमा नहीं किए गए हैं, वे तत्काल जमा करें। साथ ही उन्होंने कहा कि हर महीने की 10 तारीख के पूर्व जीएसटी जमा करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री की घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने गढ़फुलझर, खल्लारी में किए गए घोषणाओं के अनुरूप कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि ई.ऑफिस के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह मूव किए गए फाइलों की स्थिति अपडेट की जाए तथा ई.ऑफिस के अंतर्गत ही पत्राचार व्यवहार में लाई जाए। कलेक्टर ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 2 से 14 अक्टूबर तक ग्राम सभाओं का आयोजन होगा। इनमें एग्रीस्टेक पंजीयन, डिजिटल क्रॉप सर्वे तथा मैन्युअल गिरदावरी की सूची अनिवार्य रूप से चस्पा कर पठन कराया जाए। यदि कोई दावा.आपत्ति मिलती है तो उसका पुनः पीवीआर ऐप से सत्यापन कर आवश्यक संशोधन किया जाएगा। इसके लिए सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा में कहा कि सभी विकासखंड एवं ग्राम नोडल अधिकारी प्रत्येक ग्राम का विलेज एक्शन प्लान अपलोड करें। 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभाओं में इन एक्शन प्लानों का अनुमोदन कराया जाएगा। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत शेष आवासों को पूर्ण करने निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आवास का कार्य प्रतिदिन प्रगतिरत रहे। कलेक्टर ने जनमन की समीक्षा में पूर्ण सिच्युएशन के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण माह अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों को पोर्टल में एंट्री किए जाने के निर्देश दिए हैं। अन्य विभागों को भी पर्याप्त संख्या में एंट्री करने कहा गया है। कलेक्टर श्री लंगेह ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को सभी मिठाई दुकानों में मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित जांच के निर्देश दिए हैं। बैठक में समय.सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा, जनशिकायत निवारण एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम, न्यायालयीन प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य केन्द्र अकलाडोंगरी में एम्बुलेंस चालक नियमित ड्यूटी पर तैनात

**धमतरी।** जिला धमतरी में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए शासन एवं प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलाडोंगरी में एम्बुलेंस सेवाओं की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला धमतरी के आदेश क्रमांक/2025/444/ धमतरी दिनांक 22 सितम्बर 2025 के अनुसार श्री दुष्यंत कुमार साहू को एम्बुलेंस चालक के रूप में नियमित ड्यूटी हेतु नियुक्त किया गया है। वे निरंतर सेवाओं में उपस्थित होकर आमजन को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। हाल ही में एक समाचार पत्र में तथ्यों की पुष्टि किए बिना भ्रामक जानकारी प्रकाशित की गई थी। यह स्पष्ट किया जाता है कि संबंधित समाचार तथ्यात्मक नहीं है। जिला स्वास्थ्य विभाग पारदर्शिता और सत्य जानकारी को प्राथमिकता देते हुए इस समाचार का खंडन करता है। ध्यान देने योग्य है कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है। एम्बुलेंस सेवाएँ 24 घंटे सक्रिय रहकर आपात स्थिति में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिकों को लाभ पहुँचा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग आमजन से अपील करता है कि वे सही जानकारी पर ही विश्वास करें और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएँ। प्रशासन जनहित के कार्यों में पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन



**धमतरी।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत आज रक्तदान शिविर का आयोजन स्वास्थ्य केन्द्रों में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू. एल. कौशिक के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिया कंवर के सहयोग से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत् आज जिले में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सिविल अस्पताल नगरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चटौद एवं जिला अस्पताल धमतरी में आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्वेच्छा से नागरिकों ने भाग लेकर रक्तदान किया। तीनों स्थलों से कुल 316 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सीएमएचओ ने बताया कि यह रक्त जरूरतमंद मरीजों को उपचार उपलब्ध कराने एवं आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनरक्षक सिद्ध होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया।

# दो मार्गों के निर्माण के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति : विधायक

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 02 प्रमुख मार्गों के निर्माण के लिए शासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इसमें भलेसर . कनेकेरा . महादेवघाट मार्ग और ग्राम चिंगरौद से हथखोज मार्ग शामिल है। इस सौगात के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य में विष्णुदेव के सुशासन में विकास कार्य लगातार हो रहे हैं, हमारे विधानसभा क्षेत्र में भी विकास की गति तेज हो गई है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि भलेसर-कनेकेरा महादेवघाट मार्ग जिसकी लंबाई 1.40 किलोमीटर है, इसके निर्माण के लिए 261.48 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। यह मार्ग आगे गरियाबंद जिले से जुड़ती है। साथ है कनेकेरा में कनेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की कतार लगती है। अब नए मार्ग के निर्माण के बाद ग्रामीणों के साथ श्रद्धालुओं को भी लाभ मिलेगा। खासकर बरसात के दिनों में श्रावण मास होने के कारण भीड़ बढ़ जाती है। इसी प्रकार ग्राम चिंगरौद से हथखोज मार्ग जिसकी लंबाई 2 किलोमीटर है, इसके लिए 300.55 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। यह मार्ग भी आगे गरियाबंद जिले को जोड़ती है। साथ ही काफी समय से इस मार्ग के लिए ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही थी। ग्राम बम्हनी में भी श्रावण मास में बम्हनेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मार्ग के निर्माण से आवागमन में समस्या नहीं होगी। विकास कार्य की स्वीकृति पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार अनेक विकास कार्य कर रही है। केंद्र एवं राज्य में डबल इंजन की सरकार अनेक लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिसका लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। राज्य में सुशासन के संकल्प को पूरा करने के लक्ष्य के साथ काम शुरू किया गया है।

# देव संस्कृति स्कूल में गरबा व जस गीत कार्यक्रम

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** स्थानीय देव संस्कृति उमावि में 27 सितंबर को शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर गरबा नृत्य, जस गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बी एन गुप्ता थे। अध्यक्षता सुश्री शशि प्रभा थिटे देव संस्कृति शिक्षा एवं कल्याण समिति महासमुंद ने की। विशेष अतिथि नरेंद्र नायक, नीलकंठ साहू, दूषण लाल साहू,अध्यक्षता सुश्री शशि प्रभा थिटे, प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के छाया चित्रों पर पुष्पमाला एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया।

अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला एवं चंदन तिलक से शिक्षकों के द्वारा किया गया। कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा जस गीत एवं गरबा नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 200 बच्चों ने भाग लिया। शिक्षक दिनेश प्रताप ठाकुर के जस गीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया। सुश्री शशि प्रभा थिटे ने अपने उद्बोधन में कहा जस गीतों का महत्व देवी पूजा और आध्यात्मिक भक्ति में निहित है जो पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ गाए जाने वाले ओज पूर्ण गीत है, जो देवी शक्ति को प्रसन्न करने के लिए गाए जाते हैं। दूषण लाल साहू ने गरबा के प्रकारों को बताते हुए कहा गरबा पारंपरिक और आधुनिक शैलियों में अलग-अलग प्रकार के होते हैं, जिनमें दो ताली गरबा, तीन ताली गरबा,बेथा गरबा, कोली गरबा और डांडिया रास शामिल है। नरेंद्र नायक ने कहा गरबा शब्द गर्भा से आया है, जिसका मतलब गर्भ होता है। गरबा शब्द संस्कृत के गर्भ से आया है जिसका अर्थ है गर्भ या गहराई और यह जीवन चक्र का प्रतीक है। कहने का तात्पर्य है कि यह सृष्टि आदि गर्भ शक्ति के स्थान का प्रतिनिधित्व करता है, जहां से ब्रह्मांड ने जन्म लिया है। गरबा खेलते वक्त केंद्र में एक दीपक होता है। यह दिव्य ज्योति मां की आस्था का प्रतीक होता है ,जो अस्तित्व के गर्भ में स्थित एक शाश्वत प्रकाश है। संचालन व्याख्याता श्रीमती गायत्री सेन ने किया। इस मौके पर नंदकुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेंद्र चक्रधारी, लोकेश चंद्राकर, ऋषभ साहू, अनीता पिल्लई, गरिमा साहू, बसंती यादव आदि उपस्थित थे।

# रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्त संग्रहित

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद एवं जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद रूप कुमारी चौधरी उपस्थित रही। शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद की प्रबंध कार्यकारिणी समिति से भूपेन्द्र राठौर उपाध्यक्ष, संदीप दीवान सभापति, पारस चोपड़ा कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर का संचालन कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में तथा सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव एवं जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ अशोक गिरि गोस्वामी तथा संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ बसंत कुमार महेश्वरी के नेतृत्व में किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष एवं प्रबंध करणी सदस्य ऐतराम साहू एवं एचआर बघेल प्रबंध करणी सदस्य, राजेश्वर खरे प्रबंध करणी सदस्य एवं डॉ. रेनुका गहीने ने रक्तदाताओं को शुभाशीष दिए और रक्तदान में सक्रिय रहने प्रेरित किए। इस सेवा पखवाड़ा रक्तदान शिविर में कुल 55 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। सांसद श्रीमती चौधरी ने रक्तदाताओं से वार्तालाप किए और कहा इसे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक सराहनीय उपलब्धि बताए। आयोजन में स्वास्थ्य विभाग कार्यालय लिपिक सागर ठाकुर का विशेष सहयोग रहा। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन हेतु प्रभारी अधिकारी डॉ दिलजीत कौर गुरुदत्ता, नर्सिंग सिस्टर तिलोका ठाकुर, स्टाफ नर्स कुसुम साहू, मेडिकल लैब टेक्नीशियन खिलेश्वर चंद्राकर, मुन्नालाल चक्रधारी, पूर्णचंद्र विशाल, ओमप्रकाश पटेल, कमल सिंह एवं रामती नेताम, काउंसलर सुनील साहू तथा वार्ड बॉय टिकेश्वर सिन्हा उपस्थित थे। रेडक्रॉस कार्यालय ऑपरेटर तेजलाल देवांगन मेरा युवा भारत कार्यालय सहायक अशोक चक्रधारी एवं कार्यालय सहायक द्वारिका प्रसाद सिन्हा भी रक्तदान शिविर में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति पर शिक्षक पटेल को शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** राज्य शासन के मंशानुरूप कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बाराडोली के शिक्षक रमेश लाल पटेल को 30 सितम्बर को सेवानिवृत्ति के अवसर पर ही पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षक रमेश लाल पटेल को पीपीओ प्रदान करते हुए पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला परियोजना समन्वयक रेखराज शर्मा एवं जिला कोषालय अधिकारी महासमुंद संजय कुमार चौधरी एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है और विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में उसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि श्री पटेल ने अपने लंबे कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है वह सराहनीय है। कलेक्टर ने उनके निष्ठापूर्ण सेवाभाव के लिए बधाई देते हुए स्वस्थ, सुखी व सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की।

# राज्य स्तरीय लॉन टेनिस स्पर्धा में जिले के 13 खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** राज्य स्तरीय लॉन टेनिस एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई दुर्ग में 25 से 28 सितंबर तक अंडर 14,17,19 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें रायपुर संभाग से बागबाहरा एवं महासमुंद के लॉन टेनिस में 13 खिलाड़ी एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में 02 खिलाडी शामिल हुए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के परिणाम . 14 वर्ष में नूर सागर पटेल पिता मुरलीधर पटेल सेजेस हिन्दी विद्यालय महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता, अमन साहू पिता संतोष साहू सेजेस हिन्दी विद्यालय महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता, ओजस यादव पिता रोहित यादव सेजेस अंग्रेजी विद्यालय महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता, रिया साहू पिता नरेंद्र साहू सेजेस हिन्दी विद्यालय महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता, सिद्रा पिता सम्मीउल्लाह सिद्दिकी गुड सेफर्ड स्कूल महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता, 17 वर्ष में आशीष देवांगन पिता विष्णु सेजेस हिन्दी विद्यालय महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता। केशव साहू पिता नरेन्द्र साहू सेजेस हिन्दी विद्यालय महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता, उमेश्वरी विश्वकर्मा पिता लीलाधर विश्वकर्मा सेजेस हिन्दी विद्यालय महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता, मुस्कान निषाद पिता पवन निषाद सेजेस हिन्दी विद्यालय महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता, 19 वर्ष में नवीन यादव पिता रोहित यादव सेजेस अंग्रेजी विद्यालय महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता, महफूज सिद्दिकी पिता सम्मीउल्लाह सिद्दिकी गुड शेफर्ड महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता, गौतम साहू पिता मनोज साहू सेजेस हिन्दी विद्यालय महासमुन्द ने स्वर्ण पदक जीता, टीकेश्वरी साहू पिता मनोज साहू परसूली बागबाहरा ने स्वर्ण पदक जीता। राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के 14 वर्ष में बालिका वर्ग में सेजेस हिन्दी विद्यालय महासमुन्द के खिलाड़ी चारु सिंह बेलदार एवं ओमिशा पटेल की भागीदारी रहीं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के महासमुंद जिले ने लॉन टेनिस प्रतियोगिता के टीम इवेंट में 13 गोल्ड मेडल जीता, विजेता खिलाड़ियों को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, येतराम साहू जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुन्द निखिल कान्त साहू नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, वनमण्डलाधिकारी मयंक पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे सहायक क्रीड़ा अधिकारी, अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन आदि ने बधाई दी है।

# बस स्टैंड दुर्गा पंडाल में हवन-पूजन संपन्न



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** बस स्टैंड दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा बुधवार 1 अक्टूबर को हवन पूजा सम्पन्न हुआ। नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी तथा रिकेश दुबे ने समिति के भाऊराम साहू, माकड़े परिवार,जैन परिवार, बाबूलाल साहू परिवार के माध्यम से नगर, दानदाताओं और समिति के सभी सदस्यों की सकल कामना की भाव से विधि विधान से पूजन कार्य संपन्न कराया। इस दौरान श्रद्धालुजनों ने भी हवन कुण्ड में आहुतियां प्रदान की पश्चात मां दुर्गा की महाआरती की गई। 2 अक्टूबर गुरुवार को नव कन्या पूजन के बाद माता की विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी।

# सशिमं बागबाहरा के प्रतिभागियों ने प्रांतीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

### सशिमं बागबाहरा के कबड्डी खिलाड़ियों का चयन क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के अवसर पर सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत के संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू ने मुख्य वक्ता की आसंदी से संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब यहाँ एक विशेष क्षण के साक्षी है।

बीते तीन दिनों तक प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का रोमांचक आयोजन हुआ। मैदान पर खिलाड़ियों ने केवल खेल ही नहीं खेला, बल्कि अनुशासन, परिश्रम, टीम भावना और आत्मविश्वास का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। कबड्डी हमारे देश का परंपरागत खेल है, जो हमें साहस, धैर्य और सामूहिकता का पाठ पढ़ाता है। इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने जिस जोश और खेल भावना से भाग लिया, वह सराहनीय है। जीतने वाली टीम को हार्दिक बधाई और जो खिलाड़ी विजयी नहीं हो सके, उनसे कहना चाहूंगा कि हार को कभी अपनी कमजोरी न मानें, बल्कि अगली जीत की तैयारी समझें। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय नगर पालिका के पार्षद रूपेशकुमार साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के सचिव/व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि के रूप में धाना प्रभारी अजय सिन्हा उपस्थित रहें। अतिथियों ने भैया बहिनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता ने हमें यह सिखाया कि सच्चा खिलाड़ी वही है जो परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरता है और परिणाम चाहे जो हो, मुस्कुराकर स्वीकार करता है। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय तरुण वर्ग कबड्डी की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सशिमं. बागबाहरा कब्बड्डी प्रतिभागी विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्र स्तर (छत्तीसगढ़, मध्यभारत, महाकौशल एवं मालवा) की प्रतियोगिता दिनांक 10 एवं 14 अक्टूबर 2025 को बनखेड़ी गोविन्दनगर (मध्यप्रदेश) में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का नेतृत्व करेंगें। विदित रहे, उक्त सामूहिक खेलकूद समारोह एवं का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। भारत शासन द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के प्रतिभागियों को एक राज्य के रूप में सम्मिलित किया जाता है। छत्तीसगढ़ प्रांत स्तर की सामूहिक खेलकूद (कबड्डी) प्रतियोगिता 29 सितंबर से 01 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा में आयोजित था, जिसमें सशिमं. बागबाहरा के तरुण वर्ग के प्रतिभागियों ने फाइनल की प्रतियोगिता में रायगढ़ विभाग के प्रतिभागियों को पराजित कर शानदार प्रदर्शन करते हुए तरुण वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए वहीं तरुण वर्ग बहिन के प्रतिभागियों ने दुर्ग विभाग को पराजित कर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का नेतृत्व करने के लिए चयनित होकर बागबाहरा नगर एवं पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत को गौरवान्वित किया। प्रातीय प्रतियोगिता में चयनित होकर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ नेतृत्व करने के लिए सरस्वती शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू, अध्यक्ष रामभरोसा सोनी, प्रादेशिक सचिव लक्ष्मणराव मगर, प्रांतीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार, रायपुर एवं राजिम विभाग समन्वयक मानिकलाल साहू, सागरचंद अग्रवाल स्मृति शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी, सचिव एवं विद्यालय के व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, सहसचिव जोगेन्द्र सिंह आदि ने शुभकामनाएं दीं।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिले के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान हेतु भव्य कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय शंकराचार्य भवन में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वरिष्ठ महिला एवं पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल, कलेक्टर विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर,येतराम साहू, पीयूष साहू,प्रकाश शर्मा, आनंद साहू,पंकज चंद्राकर,शरद मराठा एवं समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक सुश्री संगीता सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद एवं मुख्य अतिथि श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि हम सभी आज जिस मुकाम पर हैं, वह हमारे वरिष्ठजनों की शिक्षा, मार्गदर्शन और आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। आपसे हमें क्या सीखना-आप स्वयं समाज के जीवित विश्वविद्यालय हैं। आज बच्चे मोबाइल की ओर झुक रहे हैं और अपने बुजुर्गों से दूर हो रहे हैं, जो समाज के लिए हानिकारक है।समारोह को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पूरा विश्व आज संयुक्त राष्ट्र संघ के आह्वान पर वृद्धजन दिवस मना रहा है। यह शासन की महत्वपूर्ण पहल है। राज्य सरकार माता-पिता की सेवा और देखभाल को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिमाह 500 रुपए की पेंशन उपलब्ध करा रही है। समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि बच्चे में संस्कारित हों और माता-पिता की सेवा करें। हर पुत्र श्रवण कुमार बने ताकि किसी भी वृद्ध को वृद्धाश्रम न जाना पड़े। कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि वरिष्ठजन हमारे समाज की धरोहर हैं और प्रशासन उनकी पेंशन, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता और अन्य योजनाओं को और अधिक सशक्त बनाने हेतु कटिबद्ध है।

# भाजपा प्रवक्ता पर कांग्रेस ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग कांग्रेसजनों ने सौंपा ज्ञापन



**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय में सोमवार को कांग्रेस जनों ने भाजपा प्रवक्ता प्रिंटू महादेवा पर कांग्रेस सांसद और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गरियाबंद कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रवक्ता लगातार राहुल गांधी और गांधी परिवार के खिलाफ अभद्र व अशोभनीय टिप्पणी कर रहे हैं, जिससे कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हो रही हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि राहुल गांधी देश के एक सम्मानित नेता हैं। उन्होंने गांधी परिवार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए लोकतंत्र की रक्षा और भाईचारे के लिए भारत जोड़ो यात्रा सहित कई ऐतिहासिक आंदोलन किए। उनके खिलाफ की जा रही अमर्यादित टिप्पणी न केवल व्यक्तिगत आक्षेप है बल्कि समाज में नफरत फैलाने का षड्यंत्र भी है। भवानी शंकर शुक्ल ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा लगातार राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही बयानबाजी लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ है।उन्होंने मांग किये की तत्काल प्रकरण दर्ज कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए,जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।शुक्ल ने यह भी कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो जिलेभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मो हाफिज खान,शहर अध्यक्ष प्रेम सोनवानी,यशवंत सोरी,अवध राम यादव,जगमोहन नेताम,श्यामाचरण साहू,प्रदीप यादव,पुरुषोत्तम, ढाल सिंग साहू,छबिराम राम यादव,नेपाल सोरी, श्रीराम ध्रुव,रामसिंग ध्रुव,पीलाराम यादव,नेपाल यादव,यशवंत चक्रधारी,घनश्याम ओगर,जितेंद, योगेश यूसुफ खान के साथ शहर एवं ग्रामीण अंचल से आए कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्राईफेड प्रबंध संचालक राजमुरुगन ने जिले में आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा की

## अधिकारियों को सहभागी और व्यवहारिक विलेज एक्शन प्लान बनाने के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत संचालित आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा बैठक आज कलेक्टर सभाकक्ष गरियाबंद में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता अभियान के राज्य प्रभारी एवं ट्राइफेड भारत सरकार के प्रबंध संचालक एम.राजमुरुगन (आईपीएस) ने की। बैठक में कलेक्टर बी एस उईके,जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर,अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया गया कि जिले के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों एवं विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) बहुल ग्रामों में विभिन्न विभागों की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अभियान के तहत गरियाबंद जिले के ग्रामों को विकास योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। श्री राजमुरुगन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विलेज एक्शन प्लान सहभागी और व्यवहारिक हो तथा अधोसंरचना विकास के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य,महिला एवं बाल विकास,कौशल उन्नयन एवं रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं की सहभागिता से तैयार की जा रही विकास योजनाएँ वर्ष 2030 तक स्थायी विकास की आधारशिला सिद्ध होंगी। बैठक में यह जानकारी दी गई कि जिले के ग्रामों का विलेज एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है तथा शेष ग्रामों का कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। 2 अक्टूबर से आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में इन योजनाओं को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। राज्य प्रभारी श्री राजमुरुगन ने जिले में अभियान के तहत की गई अब तक की प्रगति की सराहना की और बेहतर समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# पारिवारिक विवाद के चलते एसपी कार्यालय में शिकायत

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** जिले के ग्राम भसेरा में मारपीट प्रताड़ना और पारिवारिक विवाद का मामला अब बड़े बवाल में तब्दील हो गया है,इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंच गया।गत हो कि तनुजा साहू नामक नवविवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष ससुर नारायण साहू,सास सुमित्रा साहू और ननद राधा साहू पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है।वहीं दूसरी ओर ससुराल पक्ष ने भी पलटवार करते हुए काउंटर केस दर्ज करा दिया है।



वहीं तनुजा का कहना है कि 6 नवम्बर 2024 को शादी के बाद से ही उन्हें लगातार दहेज की मांग,गाली-गलौज और मारपीट का सामना करना पड़ा।आरोप है कि गर्भवती होने के बावजूद उनके साथ जानलेवा हमला तक किया गया।यहां तक कि घर का सामान,बर्तन और बिस्तर भी छीन लिया गया।साथ ही गांव की बैठकों में उन्हें बार-बार बुलाकर अपमानित किया गया।12 अगस्त 2025 को जब तनुजा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई,तो भी न्याय नहीं मिला।उल्टा,पुलिस अधिकारियों पर भी ससुराल पक्ष का साथ देने और धमकाने के आरोप लगे।तनुजा ने दावा किया कि 1 अक्टूबर 2025 को सुबह उनके पति विष्णु साहू को पुलिस थाने ले गई। जब उन्होंने कारण पूछा तो उल्टे उन्हें ही ल गाली गलौज और 'अनपढ़' कहने का आरोप लगाकर डराया गया। तनुजा की शिकायत के बाद ससुराल पक्ष ने भी काउंटर केस दर्ज करा दिया है।उनका कहना है कि बहू द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। ग्राम भसेरा और थाना परिसर में इस विवाद ने तनाव का माहौल पैदा कर दिया है।लोग दो गुटों में बंट गए हैं और लगातार चर्चाएं गरमा रही हैं। थाना प्रभारी गौतम चंद गांवडे ने कहा कि दोनों पक्षों का पारिवारिक विवाद है उन्हें आपस में समझौते के लिए ग्रामीणों के सामने बोला गया लेकिन वे नहीं माने।पहले प्रार्थी के द्वारा अपने सास ससुर और ननद के ऊपर आरोप लगाया गया,उनके खिलाफ केश दर्ज कर लिया गया,उसके बाद प्रार्थी के सास ससुर के द्वारा प्रार्थी के ऊपर आरोप लगाए है,जिससे प्रार्थी के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज है।इस स्थिर दोनों पक्षों के खिलाफकेस दर्ज किया गया।

# गरबा महोत्सव का हुआ भव्य समापन, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

## श्रीराम जानकी महिला समिति ने किया आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**कुरूद।** चंद्राकर भवन कुरूद में श्रीराम जानकी महिला समिति द्वारा हो रहे गरबा महोत्सव का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर थे। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में भोजराज चंद्राकर, प्रसन्न नायडू, व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा,के पी तिवारी, प्रशांत चंद्राकर , प्रभात बैस, टिकेश्वर चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर आदि की गरिमामयी उपस्थिति दी।

समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने अंतिम दिन घाघरा चोली ड्रेस कोड में मोहक रूप से गरबा के विभिन्न स्टेप को पूरा किया । मोहक मुस्कान और मधुर अंदाज में हो रहे इस प्रस्तुति को देखकर अतिथियों ने इसकी तारीफ की।कार्यक्रम के अंत में गरबा महोत्सव को यादगार बनाने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने सभी को नवरात्रि की बधाई देते हुए गरबा महोत्सव को शानदार तरीके से संचालित करने के लिए बधाई दी।अध्यक्षता कर रही ज्योति चंद्राकर ने कहा कि श्री राम जानकी गरबा परिवार द्वारा नगर की माताओं बहनों को एक सूत्र में बांधकर समरसता का संदेश दिया जा रहा है। इसके लिए आयोजक बधाई के पात्र है। यह गरबा महोत्सव विभिन्न संस्कृतियों के संगम की मिसाल बना हुआ है।गरबा ट्रेनर पृथ्वीराज सर के मार्गदर्शन में सभी ने इस गरबा महोत्सव में मोहकता का रंग महका दिया।संचालिका नेहा चंद्राकर के अथक प्रयास से सभी माताएं बहनें पूरी एकजुटता के साथ महोत्सव को संचालित की है।

अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए संचालिका नेहा चंद्राकर ने सभी अतिथियों और माताओं बहनों का आभार जताते हुए इस महोत्सव को यादगार बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर दुर्गा चंद्राकर,सुरेखा चंद्राकर,रजनी साहू, नमिता चंद्राकर ,भारती साहू ,श्वेता अग्रवाल ,मीना साहू, मनीष साहू, इंदु देवांगन ,रंजन चौबे ,कल्पना गोस्वामी ,अंशु साहू ,पायल नाग, संध्या गोस्वामी, अंजू साहू ,अमृता देवांगन, माधुरी द्विवेदी, चित्रलेखा साहू, रश्मि सोनी ,उमा बैस ,कविता साहू ,चित्रांशी सोनाली ,गायत्री चंद्राकर ,रतना चंद्राकर ,सुमन देवांगन ,रिंकी पंजवानी, अंजू अग्रवाल, शारदा अग्रवाल ,बबीता चंद्राकर ,रानू सोलंकी ,रूपा दीवान, धानी चंद्राकर ,फुलेश्वरी बघेल, रीमा कुरई, रेणुका चंद्राकर, अंबिका चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में माताएं , बहनें और बेटियां उपस्थित थी।

# राम वनवास की लीला का मंचन देख दर्शकों की भर आई आंखें

समवेत शिखर संवाददाता



**खरोरा।** नगर खरोरा समीपस्थ ग्राम केशला में श्री बजरंग नवयुवक रामलीला मंडलीकेशला द्वारा प्रत्येकवर्ष की भाती इस वर्ष भी 27 सितंबर से रामलीला प्रारंभ हुई है आदर्श रामलीला मंडली द्वारा मंचन किया जा रहा है जिसमें भगवान राम के वनवास का मंचन किया गया। वन गमन के समय पुत्र वियोग महाराज दशरथ का विलाप देख कर बैठे दर्शकों की आंखों से अश्रु धारा बहने लगी। केशला में आयोजित हो रही सजीव राम लीला के मंचन में मंगलवार की रात अयोध्या नरेश महाराज दशरथ ने विचार किया कि राम को अयोध्या का राजा बनाया जाए।

उन्होंने अपने मंत्री सुमंत को बुलाकर बड़े बेटे राम को राजा बनाए जाने के लिये राज्याभिषेक की तैयारी करने का आदेश दिया। यह सूचना जैसे ही महारानी कैकेयी की दासी मंथरा को प्राप्त हुई, मंथरा ने महारानी के कान भरना शुरू कर दिया। महारानी कैकेयी मंथरा की बातों को मानकर राजा दशरथ से अपने पुराने दो वरदान मांगे। राजा दशरथ ने महारानी कैकेयी को दोनों वरदान देने का निर्णय करते हुए कहा कि हम रघुवंशी हैं, हम अपने दिए गए वचन को निभाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कैकेयी ने अपने पुत्र भरत को राजतिलक और कौशल्या पुत्र राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगा। यह सूचना जैसे ही भगवान राम को मिली, भगवान राम तुरन्त वन गमन को तैयार हो गए। जैसे ही भगवान राम के वन गमन की सूचना महराज दशरथ को हुई, वो विचलित और व्याकुल हो गए। भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के साथ वन गमन करने को प्रस्थान किया, वैसे ही राजा दशरथ फूट-फूट कर रोने लगे और पूरी अयोध्या नगरी में शोक छा गया। भगवान राम के साथ अयोध्या के हजारों नर, नारी भी वन गमन करने को तैयारहुआ,2 अक्टूबर को विशाल दशहरा में बजरंग नवयुवक रामलीला मंडली केशला द्वारा मंचन किया जायेगा।

इस मौके पर मार्गदर्शक गया राम देवांगन, सरपंच मया वंशे ,उपसरपंच लोमश देवांगन ,रामचरण देवांगन, लक्ष्मण बोलबम,विनोद देवांगन, संतराम यादव, शत्रुहन सारथी लक्ष्मण यादव नवीन देवांगन, शिवदेवांगन,मास्टर शत्रुहन देवांगन, शिवलाल, भगवती, अश्वनी, ईश्वरी, श्रवण, सुभाष, चैतूराम, नारायण, रिखी राम, शंकर डोमार, लोकनाथ, मोहन, सोहन, शेखर, भरत, राजेश निर्मलकर, सेवक राम, इंदल बलराम, ईश्वर, नेहरू वचन राठौर संजय सेन, भुनेश्वर सारथी दर्शक आदि मौजूद रहे।

# महाअष्टमी पर श्रद्धालुओं ने डाली आहुतियां

समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा।** कुमार नवरात्रि की अष्टमी पर मंगलवार को नगर शीतला मंदिर के अलावा पुर विकासखंड के अंतर्गत सभी देवी मंदिरों दुर्गा पंडाल में हवन पूजन किया गया।

पंडित के मंत्र आचार्य के साथ शीतला मंदिर में भक्तों ने आहुतियां समर्पित की हवन के बाद शीतला मंदिर प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया एवं संध्या रात्रि को धार्मिक कार्यक्रम हुए महाष्टमी हवन के पूर्व शीतला मंदिर के सरवराकरओमकार शाह यशपेंद्र शाह के अलावा नगर नागरिक ललित मेहता जी अशोक दीक्षित जी सेवन पांडे मकालू प्रधान संजय पटेल ने क्रमशः शीतला मंदिर में पूजा अर्चना किया इस अवसर पर शीतला मंदिर प्रांगण में चारों तरफश्रद्धालुओं की हजारों की भीड़ में उपस्थित हुए थे



ज्यादातर शीतला मंदिर प्रांगण में महिलाएं की संख्या अपेक्षा की ज्यादा थी विशाल कार्यक्रम को देखते हुए समिति के पदाधिकारी ने विशेष व्यवस्था की थी इसमें भक्तगणों के लिए प्रसाद का विशेष व्यवस्था किया गया था माह अष्टमी पर हवन पर पूर्व विधायक ओमकार शाह ललित मेहता एवं यशवेंद्र शाह एवं बजरंग पांडे अशोक दीक्षित के साथ-साथ उपस्थित श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में घी एवं सांखला अर्पित कीके पंडित योगेश महाराज के द्वारा मंत्रचार की औपचारिकताएं पूरी की हवन पूजन के दौरान शीतला मंदिर प्रांगण पर जस गीत काफी सिलसिलावारआयोजन चलता रहा चारों ओर धार्मिक माहौल वातावरण देखने को मिला हवन पूजन के पश्चात माता शीला प्रांगण में हजारों की उपस्थिति में श्रद्धालुओं को प्रसाद प्रदान किया गया खासकर महिलाओं के लिए श्रृंगार सामग्री वितरण किया गया शीतला मंदिर में रात्रि 12:00 बजे तक दर्शन करने का सिलसिला जारी रहा खासकर महिलाएं एवं छोटे-छोटे बच्चे महाष्टमी हवन के दिन सुबह से रात तक दर्शन करने का सिलसिला लगातार जारी रहा।

# सेवा पखवाड़ा: स्वास्थ्य केन्द्र में हुआ कार्यक्रम

## राजिम भक्तिन माता हॉस्पिटल में हुआ 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' कार्यक्रम

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जन्म दिवस 17 सितम्बर से गांधी जी के जन्म जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत राजिम भक्तिन माता हॉस्पिटल फिंगेश्वर में ÷स्वस्थ नारी ङ्क सशक्त परिवार÷ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं उनके सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता राजू साहू ने कहा कि नारी यदि स्वस्थ होगी तो परिवार एवं समाज मजबूत होगा, परिवार के हर सदस्य की खुशहाली महिला स्वास्थ्य पर ही निर्भर करती है।इस अवसर पर जीवन दीप समिति सदस्य सीमा ठाकुर, मोती निषाद, ओमप्रकाश साहू एवं प्रेम लाल टोडर ने महिला स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता पर अपने विचार रखे। डॉ. विनय लहरें, डॉ. भूपेंद्र कुर्रे एवं डॉ. अंकिता अग्रवाल ने महिला स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए नियमित जांच, पोषण और बीमारियों से बचाव पर विशेष जोर दिया। सुपरवाइजर आशा पोद्दार ने महिलाओं को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में उत्तम साहू एवं प्रकाश साहू ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. चक्रधारी ने किया, अंत में उपस्थितजनो को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और यह संकल्प लिया गया कि महिला स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण के लिए समाज में निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।?

# रास गरबा: छत्तीसगढ़ी थीम में सजी सांस्कृतिक शाम

समवेत शिखर संवाददाता



**खरोरा।** रास गरबा का आयोजन इस वर्ष भी भव्य रूप से किया जा रहा है। यह इस आयोजन का लगातार तीसरा साल है, जिसे दिलराज छाबड़ा, श्याम अग्रवाल, अभिलाष अग्रवाल और उनकी टीम के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी गरबा महोत्सव में हर दिन एक विशेष ड्रेस कोड और थीम रखी गई है, जिसमें प्रतिभागी पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य करते हैं।

आज की गरबा संध्या छत्तीसगढ़ी थीम पर आधारित रही, जिसमें सभी बच्चे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा को याद करते हुए पारंपरिक छत्तीसगढ़ी परिधान में सजे-धजे नजर आए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना भी विशेष रूप से उपस्थित रही और उन्होंने इस अनूठी थीम की सराहना की।

इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि यहां सभी वर्गों को समान सम्मान दिया गया, जिससे आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

बच्चों की सुरक्षा हमारी अहम जिम्मेदारीः आयोजक समिति÷रास गरबा आयोजन के दौरान बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। आयोजक समिति ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा के मद्देनज़र विशेष प्रबंध किए गए हैं।

आयोजकों ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा हमारी अहम जिम्मेदारी है।÷इसी उद्देश्य से आयोजन स्थल पर विशेष रूप से प्रशिक्षित बाउंसर्स की तैनाती की गई है, ताकि बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा न हो।

गरबा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे भाग ले रहे हैं, जिन्हें सुरक्षित वातावरण देना आयोजन समिति की पहली प्राथमिकता है। बच्चों के प्रवेश और निकास के लिए अलग से व्यवस्थाएं, प्रॉपर निगरानी, और सेफजोन जैसे उपाय भी किए गए हैं। इस प्रयास की सराहना बच्चों के अभिभावकों और आम जनमानस द्वारा भी की जा रही है।

मुख्य अतिथियों में शामिल रहेः चैम्बर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ,नगर उपाध्यक्ष सुमित सेन ,सूरज सोनी ,नितेश वर्मा अमीन ख़ान ,युवा नेता विकाश ठाकुर ,बबलू भाटिया ,पन्ना देवांगन

पार्षद राहुल मरकाम ,साहू समाज अध्यक्ष योगेश साहू , हेमंत देवांगन देवेंद्र देवांगन ,गौरी देवांगन, विमल पाल, प्रेस क्लब अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष वक़ार आलम, नगर के अन्य गणमान्य नागरिक मंच पर उपस्थित अतिथियों ने इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की और आयोजकों को बधाई दी।

आयोजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि संस्कृति को जीवित रखना, नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ना और समाज में भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करना भी है।

# हम दूसरे मित्रों की बात कम-ज्यादा सुनते हैं, परंतु हमारे शरीर की हर फरमाइशें हम सुनते हैं

समवेत शिखर न्यूज

**अहमदाबाद।** किसी ने पूछा, साहेब! मित्र तो बहुत होते हैं, परंतु नित्य मित्र किसे कहते हैं? हमने कहा कि भाई! सभी मित्र तो समय पर काम आते हैं, लेकिन हर पल, हर घड़ी हमारे साथ रहने वाला यदि कोई नित्य मित्र हो तो वह है हमारा खुद का शरीर। हम दूसरे मित्रों की बात कम ज्यादा सुनते हैं, परंतु हमारे शरीर की हर फरमाइशें हम सुनते हैं और उसी के मुताबिक हम चलते हैं। कारण वह भी हमारा एक प्रकार का नौकर ही है। घरवाली पति को नाराज कर सकती है। पुत्र को नाराज कर सकती है, परंतु नौकर को नाराज करने की हिम्मत क्या वह करेगी? उसको पता है कि नौकर यदि नाराज हो गया तो विपत्ति उस पर आने वाली है, इसलिए नौकर को खुश रखने के लिए सेलरी भी बराबर देती है। मानलो सेलरी ज्यादा दे दिया तो वह सिर पर चढ़ सकता है। पूज्यश्री ने बताया इस शरीर की भी बात सुननी ही पड़ेगी-स्वीकारनी पड़ेगी तथा उसे ट्रेन करना भी आना चाहिए।



पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

प्रखर प्रवचनकार-संत मनीषि गीतार्थ गच्छाधिपति प.पू.आ. देव राजयश सूरिश्वरजी महाराजा श्रोताजनों को संबोधित करते हुए फरमाते है, जो आत्मा अंदर से जागृत है वह आत्मा कभी शरीर की उपेक्षा नहीं करता है तथा उसकी सभी अपेक्षा को पूरी भी नहीं करता है।

हरके आत्मा को मोक्ष में जाना है परंतु उसे सबसे बड़ी अंतराय यह शरीर करता है। जिस आत्मा ने शरीर का ममत्व छोड़ दिया है उसे मोक्ष प्राप्ति में किसी भी प्रकार की मुश्किलें नहीं आती है।

एक भाई ने मुझे कहां, साहेब! मुझे दीक्षा लेनी परंतु मेरी एक शरत है मैं दीक्षा लेकर विहार नहीं करूंगा, न ही लोच करवाऊंगा। भाई! आप तो ऐसी बात करते हो। मुझे आपको एक दृष्टांत से समझाना है शतीश को अपने मित्र मुकेश को 22223 देने के थे। कितने दिन से वह दे नहीं रहा था। मुकेश शतीश को बोलकर थक गया तब शतीश ने मुकेश को कहां दो कम कर दो तो मैं मुझे दूसरे रूपिये लौटा दूंगा। मुकेश को संतोष हुआ। कुछ नहीं मुझे ग्यारह सौ ग्यारह रूपिये के बदले ग्यारह सौ नौ रूपिये मिलेंगे तो अच्छा ही है। ब्याज नहीं मिलेगा तो चलेगा शतीश होशियार था उसने कहां, तुं पहले कागज में रूपिये के आंकड़ा लिखकर दे। मुकेश ने 2222 रुपिये लिखे तब शतीश ने कहां पीछे के दो आंकड़े निकाल दो। जितने बाकी रहे उतना दे दूंगा। अरे! ये क्या? तेरे रूपिये तुं भूल जा। भाई! विहार एवं लोच ये दो तो साधु जीवन की शोभा है। साधु सिर्फ पैर से विहार नहीं करते है परंतु धरती माता की पूजा करते है। साधु की विहार यात्रा यानि लौकिक दृष्टि से धरती माता की पूजा तथा अलौकिक दृष्टि से जीव मात्र के साथ मैत्री है।

साधु जीवन की एक-एक क्रिया में रहस्य छूपा है। साधु के हाथ में रही मुहपत्ति का किनारा बाहर के भाग में रहा है कारण मुहपत्ति के कड़क भाग से कोमल जीव जंतु हटाए तो वे मर जाते है उन्हें पीड़ा होती है।

साधु जीवन की एक-एक क्रिया में पवित्रता एवं अनंत कर्म निर्जरा रही है। कहते है, जीवन को शरीर की आसक्ति से मुक्त करने का साधन तप है। जब भक्त परमात्मा को नैवेध चढ़ाता तब वह इस प्रकार की स्तुति करता है अणहारी पद में कर्या, विग्गह गई अनंत हम आहारी पद में है, परमात्मा को कहना है आप कृपा करके हमें आहार में से अणहारी बनाना तथा अणहारी पद प्राप्त करने के लिए शरीर का प्रेम कम करना पड़ता है। तप के द्वारा शरीर का प्रेम घटता है। तप के साथ जब त्याग जुड़ता है तब तप को चार चांद लगते है। तप वह बंगला है तथा त्याग वह पाया है। आठ उपवास अथवा मासक्षमण करके बड़ा तप करते है परंतु उसके साथ आजीवन रात्रि भोजन का त्याग हो तो तप खील उठता है। तप के साथ त्याग रूपी पाया मजबूत होगा तब तप में तेज प्रगटेगा। जीवन में एक भी छोटा नियत लिया हो तो उसका पालन दृढ़ता से होना चाहिए। बस जीवन में व्रत-नियम, तप-त्याग में आगे बढ़कर शीघ्र आत्मा परमात्मा बनें।

# एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन की मियाद खत्म, लाखों किसान पंजीयन की कतार में

## पूर्ववत एकीकृत किसान पोर्टल से धान खरीदी की मांग

समवेत शिखर संवाददाता

**आरंग।** शासन -प्रशासन को अपने ही बनाये भुईयां व एकीकृत किसान पोर्टल में फीड किसानों के डाटा पर विश्वास नहीं होने और एग्री स्टेक पोर्टल में फीड किये जा रहे डाटा का एप्रूवल के चक्कर सहित पोर्टल में कतिपय दिक्कतों के चलते एक बार फिर प्रदेश के संपूर्ण किसानों का पंजीयन मियाद की आखिरी तिथि 30 सितंबर समाप्त होने तक नहीं हो पाया है। अब भी वंचित किसानों की संख्या लाखों में है । किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह , मुख्य सचिव विकास शील व मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को मेल से ज्ञापन ?भेज पोर्टल की खामियों को दूर करने व मियाद बढ़ाने की मांग करने के साथ - साथ इस वर्ष धान खरीदी पूर्ववत एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किये जाने की मांग की है । ज्ञातव्य हो कि शासन ने इस वर्ष धान खरीदी हेतु किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है । पूर्व में पंजीयन हेतु अंतिम तिथि बीते 30 अगस्त निर्धारित किया गया था जिसे बढ़ाकर बीते कल 30 सितंबर तक किया गया था । पूर्व में पंजीयन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक किसानों के पंजीयन बाकी रहने का ठीकरा पोर्टल में तकनीकी ?खामियो? पर फोड़ते हुये किसान संघर्ष समिति ने शासन - प्रशासन के नुमाइंदों को बीते 3 सितंबर को ज्ञापन सौंप खामियों की जानकारी देते हुये इन्हें दूर कर पंजीयन हेतु समायावधि बढ़ाने की मांग की थी । इसके साथ ही और अन्य कारणों का हवाला देते हुये किसानों ने भी समय सीमा बढ़ाने की मांग की थी । ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि ध्यानाकर्षण पर पोर्टल में अधिकांश खामियों को दूर कर पंजीयन हेतु समायावधि 30 सितंबर तक बढ़ाया गया था जो भी समाप्त हो गया है । ज्ञापन में जानकारी दी गयी है। कि पोर्टल में सुधार के बाद भी कतिपय खामियों के चलते किसान पंजीयन से वंचित रह गये हैं।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### छैया भुइयां 2 व 3 के हीरो दीपक 5 को आएंगे पोड़



**नवापारा राजिम।** समीपस्थ ग्राम पोड़ (चंपारण) में क्षेत्र के समाजसेवी, जनपद सभापति एवं अध्यक्ष तहसील साहू संघ अभनपुर ब्रह्मानंद साहू के परिवार में छट्ठी कार्यक्रम के अवसर पर स्वर्गीय घनाराम साहू स्मृति फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक कला मंच भूपेंद्र साहू कृत रंग सरोवर का कार्यक्रम हाई स्कूल मैदान में रात्रि 9:00 बजे से रखा गया है। जिसके शुभारंभ अवसर पर विशेष रूप से छत्तीसगढ़िया फिल्म स्टार मोहिनी फेम, छैया भुइयां 2 एवं 3 के हीरो दीपक साहू विशेष रूप से उपस्थित होंगे। जिनकी उपस्थिति की स्वीकृति आयोजक परिवार को मिल चुकी है इस क्षेत्र में सार्वजनिक मंच पर उनका आना पहली बार हो रहा है इसलिए आयोजक परिवार ने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर अपने सिने स्टार को नजदीक से देखें व रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग सरोवर का आनंद लेकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

### जागरूकता रैली निकाली गई



**नवापारा राजिम।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती को शासकीय ग्राम सभा का सफल आयोजन करने के लिए ग्राम पोड़ में महिला समूह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला कमांडो व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जागरूकता रैली ग्राम पंचायत से पूरे ग्राम में भ्रमण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से ब्रह्मानंद साहू जी सभापति जनपद पंचायत अभनपुर, भूपेश ध्रुव ग्राम सरपंच, रमाकांत साहू उप सरपंच, सचिव महेंद्र टंडन, रोजगार सहायक राकेश जांगड़े, ग्राम सभा अध्यक्ष खेमचंद गिलहरे, ग्राम सभा सचिव युवराज बारले, गायत्री साहू पंच, गुलाब गिलहरे पंच, ममता साहू, मीना गिलहरे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,रूपा साहू, किरण साहू, कोमल गिलहरे, नर्मदा, पीलेस साहू, खिलेश्वरी साहू, नंदिनी साहू, गायत्री ध्रुव, रुक्मणी साहू, निधि वर्मा, प्रेमीन वर्मा सहित कई लोग शामिल हुए।

### मप्र में अगले 4 दिन बारिश का अलर्ट

**भोपाल।** मानसून की विदाई के बीच मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन हल्की बारिश होने का अनुमान है। दशहरे के दिन भी बारिश का अलर्ट है। हालांकि, बुधवार को भोपाल में सुबह से धूप खिली है। वहीं, अब तक 12 जिलों से मानसून की विदाई हो चुकी है। 10 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश से मानसून लौट जाएगा। इस बार सितंबर में भी बारिश का कोटा पूरा हो गया। औसत 45.2 इंच पानी गिरा, जो सामान्य बारिश 37.3 इंच के मुकाबले 7.8 इंच अधिक है। अब बात अक्टूबर महीने की। मौसम विभाग के अनुसार, मध्यप्रदेश में अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड रहा है। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहेगा। ग्वालियर में पारा रिकॉर्ड 39 डिग्री तक पहुंच चुका है तो भोपाल, इंदौर, उज्जैन-जबलपुर में गुलाबी ठंड की दस्तक के साथ बारिश भी हुई है।

# केंद्रीय गृह मंत्री के बस्तर प्रवास की तैयारियों का उप मुख्यमंत्री शर्मा ने किया निरीक्षण

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा समय पूर्व सभी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं बस्तर जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगामी 04 अक्टूबर को होने वाले बस्तर प्रवास कार्यक्रम की तैयारियों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक तैयारियाँ एवं व्यवस्थाएँ समय से पहले पूरी कर ली जाएँ ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सिरहासार भवन और लालबाग स्थित कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

इस अवसर पर सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर श्री किरण देव, महापौर श्री संजय पाण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। वहीं प्रशासनिक स्तर पर कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी, कलेक्टर श्री हरिस एस, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### आरंग गौठान में भारी अव्यवस्था से प्रतिदिन मर रही हैं गौ माता

**आरंग।** आरंग के घुमरा भांठा गौठान में भारी अव्यवस्था के चलते आए दिन गौ माता भूख, छांव व उपचार के अभाव में काल के गाल में शमा रहे हैं। बुधवार को इस संबंध में श्रीबागेश्वर नाथ गौ सेवा धाम एवं गौ सेवा समिति आरंग के संयुक्त तत्वाधान में बैठक रखा गया।जिसमें इस गंभीर विषय के समाधान के संबंध में उपस्थित गौ सेवको ने यह निर्णय लिया कि इस संबंध में नगर में जन जागरूकता रैली निकाला जाए। जिससे लोग गौ माता की रक्षा के लिए आगे आए। समिति सदस्यों ने बताया इससे पूर्व नगर पालिका प्रशासन को यहां की अव्यवस्था से अवगत कराया जा चुका है।साथ ही गौठान में शेड पेयजल, चारा एवं बीमार पशुओं के उपचार की समुचित व्यवस्था की मांग किये हैं।पर अब तक प्रशासन इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। जिसके चलते प्रतिदिन दो तीन गाय मर रहीं हैं।जो बहुत ही चिंतनीय है। बैठक में मुरारी लोधी, रामू मिर्धा, जी एस यादव, दूजेराम धीवर, गजेंद्र साहू, राहुल जोशी, संदीप शर्मा, संतोष सोनी, बलराम साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। गोठान से लगे खेत ने बताया कि पालिका प्रशासन ने भूख प्यास से गोवंसो के मरने से घबराकर रात मे गोठान के सारे गायों को बाहर कर देने से फसल का चरागन होने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है जिससे किसान भारी आक्रोसित है।

## श्रद्धा व धूमधाम से हुआ जंवारा विसर्जन, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल, मां का हुआ विशेष श्रृंगार

### नवरात्रि के अंतिम दिन गाजे-बाजे के साथ हुआ जंवारा का विसर्जन

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** नगर के शीतला मन्दिर में नौ दिन तक चले नवरात्र सेवा व उत्सव का समापन बुधवार को ज्योत जवारा विसर्जन के साथ छीन तालाब में सम्पन्न हुआ।




शहर के अलग-अलग मोहल्लों से महिला और पुरुष सफेद कपड़े पहनकर ज्योत और जवारा विसर्जन करने के लिए निकले। माता के भक्तों ने उन्हें भक्तिभाव के साथ विदा किया।माता के जसगीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए, नवरात्र के अष्टमी पर मंगलवार को दुर्गा पंडालों में सुबह से ही हवन पूजन शुरू हो गया था जो देर रात तक दुर्गा पंडालों में हवन पूजन चलता रहा।वहीं अष्टमी पर देवी मंदिर प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।वही बुधवार को स्थानीय शीतला मंदिर के प्रज्वलित ज्योत दीपो के साथ ज्वारा विसर्जन को लेकर महिलाएं, युवतियां और बालिकाएं अपने सिर पर जवारे रखे निकलीं।शहर के देवालयो से जवारे शीतला मंदिर धूमधाम से पहुंचे जहां पूजन अर्चन किया गया।सुबह एक बजे से विसर्जन के लिए लंबी लाइन में छिंद तलाब तक श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित किया गया हजारों मनोकामना ज्योति जवारे कलश का विसर्जन विशेष पूजा आरती के पश्चात 1 बजे मन्दिर प्रांगण से निकालकर समीप के छिंद तलाब में बड़े ही धार्मिक वातावरण के बीच किया जाएगा।वही इस वर्ष नगरपालिका परिषद के द्वारा ज्योत कलश सिर में रखी माताओं बहनों के लिए विशेष ब्यवस्था कर ज्वारा विसर्जन के पश्चात नाश्ता व नीबू के मीठे पानी की ब्यवस्था किया गया था।जिसे अन्य भक्तों ने भी ग्रहण किया,इस ब्यवस्था के लिए पालिका परिषद से विशेष टीम बनाया गया था ताकि शरबत नास्ता सभी तक पहुच सके,साथ ही सुभाष चौक में श्रीराम राज युवा संगठन के द्वारा आमलोगों के लिए ठंडा पानी की विशेष व्यवस्था किया गया था।

ज्योत जंवारा विसर्जन में किसी तरह की अव्यवस्था न हो और यातायात निश्चित करने के लिए पुलिस बल शीतला मन्दिर से तालाब तक लगाए गए थे, और पूर्व से व्यापक बंदोबस्त कर जगह जगह चौक चौराहों पर पुलिस जवानों को तैनात किया था वही जुलूस में पुलिस जवान मौजूद रहे,जिन्होंने शांति ब्यवस्था के साथ यातायात को भी सुचारु रूप से ब्यवस्थित किये।

## दशहरा के अवसर पर विविध कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे राजेश्री महन्त

**रायपुर/शिवरीनारायण।** श्री दूधाधारी मठ तथा श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज दशहरा उत्सव के पावन अवसर पर अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे 2 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे श्री दूधाधारी मठ से चलकर जैतू साव मठ पुरानी बस्ती रायपुर में दशहरा उत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले अस्त्र -शास्त्र हवन पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, दोपहर 12:00 बजे से लेकर 2:30 बजे तक श्री दूधाधारी मठ में अस्त्र-शस्त्र हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न करेंगे। अपराह्न 3:00 बजे श्री दूधाधारी मठ से रवाना होकर शाम 5:00 शिवरीनारायण मठ पहुंचेंगे यहां 5:30 बजे जनकपुरी (जोगी डीपा) मेला ग्राउंड के शमी पूजन शोभा यात्रा में सम्मिलित होंगे, 6:30 बजे से मठ में गद्दी महोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। वे हवन पूजन के पश्चात गद्दी पर विराजित होंगे यह कार्यक्रम भगवान शिवरीनारायण के दर्शन पूजन के साथ लगभग रात्रि 10:00 बजे संपन्न होगा।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2023-25 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## ►► न्यूज ब्रीफ

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवार को दी गई 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 03 परिवार को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा दरभा तहसील के ग्राम छिन्दावड़ा निवासी सामबती की मृत्यु सांप काटने से पति सामनाथ को, ग्राम डिलमिली निवासी बुधनो की मृत्यु सांप काटने से पति पोदला को और बस्तर तहसील के ग्राम टाकरागुड़ा निवासी भूपेन्द्र बघेल की मृत्यु तालाब के पानी में डूबने से होने के कारण पिता सयतो राम बघेल को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### कोरलापाल एवं मसेनार में राजमिस्त्री प्रशिक्षुओं का हुआ श्रम पंजीयन

**दंतेवाड़ा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार विगत दिवस ग्राम पंचायत कोरलापाल एवं मसेनार में आरसेटी द्वारा राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे राजमिस्त्री प्रशिक्षुओं का 30 दिवस प्रशिक्षण उपरांत असेसमेंट किया गया एवं प्रशिक्षुओं का श्रम विभाग द्वारा श्रम पंजीयन किया गया। इसके साथ ही सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मनरेगा अंतर्गत हो रहे कार्य एवं श्रम विभाग अंतर्गत पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे मे जानकारी दी गई।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** जिले में जिला कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देश पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग एवं रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा दंतेवाड़ा के द्वारा कारली स्थित सीआरपीएफ 111 बटालियन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में जवानों के द्वारा 47 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया। इस रक्तदान शिविर में सभी सीआरपीएफ जवानों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके ने बताया कि जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत समस्त विकासखंड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित सहायक ग्रेड 02 कर्मचारी को दिया गया कारण बताओ नोटिस

**दंतेवाड़ा।** जिला कोषालय कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त कार्यालय में पदस्थ श्री प्रदीप कुमार मारकण्डेय (सहायक ग्रेड 02) अपने लंबे समय से शासकीय कार्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे है इस संबंध में उन्हें कारण बताओ सूचना (नोटिस) जारी किया गया है। कोषालय अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार श्री प्रदीप कुमार मारकण्डेय को पूर्व में बारंबार सूचित करने के पश्चात भी उक्त कर्मचारी का शासकीय कार्य के प्रति उदासीनता एवं बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहना सिविल सेवा आचरण नियम 03 के उप नियम 1.2 एवं 3 तथा नियम 7 के विपरीत है।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर धरमपुरा में 400 वृद्धजनों का सम्मान, स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री हरिस एस के निर्देशन में धरमपुरा स्थित आस्था निकुंज में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें लगभग 400 वृद्धजनों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही, उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया।



समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती सुचिता लकड़ा ने कहा कि यह आयोजन वृद्धजनों के प्रति समाज की जिम्मेदारी को रेखांकित करता है और उनके अनुभवों को सम्मान देने का एक प्रयास है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की महत्ता पर जोर देते हुए बताया कि वृद्धजनों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरूक किया गया और आवश्यक सलाह प्रदान की गई। समारोह में पार्षद श्रीमती बसंती समरथ, पूनम सिन्हा, रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष श्री एलेक्जैंडर चेरियन सहित समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने वृद्धजनों के साथ संवाद किया और उनके जीवन के अनुभवों को सुनकर उन्हें प्रोत्साहित किया। वृद्धजनों ने इस अवसर पर अपने अनुभव साझा किए और समाज से अधिक सहयोग और सम्मान की अपेक्षा व्यक्त की। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का वादा किया।

### अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों को शाल, श्रीफल एवं छड़ी भेंटकर किया गया सम्मानित

**नारायणपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अन्तर्राष्टीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर एजी सिनेमा ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति आदर-सम्मान व्यक्त करना और समाज में उनके अनुभव एवं मार्गदर्शन की महत्ता को रेखांकित करना हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम एवं नगर पालिका अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने वृद्धजनों को शाल, श्रीफल एवं छड़ी भेंटकर उनका सम्मान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्गों की चिकित्सा जांच और परामर्श हेतु स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया था। जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अन्तर्राष्टीय वृद्धजन दिवस हम सबको यह याद दिलाता है कि बुजुर्ग हमारे संस्कारों और परंपराओं के जीवित प्रतीक हैं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में हमें जीवन का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि समाज तेजी से बदल रहा है, लेकिन किसी भी घर की वास्तविक सुख-शांति माता-पिता की सेवा में ही है।

## बस्तर जिले में सुपरवाइजर संविदा पद की नियुक्ति निरस्त, टॉप 10 अभ्यर्थियों के लिए 9 अक्टूबर को कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित जिला स्तरीय चाईल्ड हेल्पलाइन यूनिट के संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। विभाग ने सुपरवाईजर (संविदा) के अनारक्षित पद पर की गई पिछली नियुक्ति को निरस्त कर दिया है, तथा अब इस पद के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए टॉप 10 पात्र अभ्यर्थियों के लिए कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार की तिथि घोषित की है। यह कदम भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। विभाग के संचालनालय द्वारा जारी पत्र के तहत चाईल्ड हेल्पलाइन यूनिट के विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रसारित किया गया था। इसी क्रम में, कार्यालयीन आदेश क्रमांक 661/मबावि/स्था./2025-26 6 जून 2025 के सरल क्रमांक-03 के अंतर्गत सुपरवाईजर (संविदा) अनारक्षित पद पर हुई नियुक्ति को अब आधिकारिक रूप से निरस्त कर दिया गया है। निरस्तीकरण के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपरवाईजर पद हेतु पात्र टॉप 10 अभ्यर्थियों की वरिष्ठता सूची तैयार की गई है। यह सूची कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है, ताकि अभ्यर्थी अपनी स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकें। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह कदम भर्ती नियमों के अनुपालन और सभी पात्र उम्मीदवारों को उचित अवसर प्रदान करने के लिए उठाया गया है। अब, उक्त एक पद के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए इन 10 अभ्यर्थियों के कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन 9 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10. बजे किया जाएगा। परीक्षा का स्थान कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जगदलपुर जिला-बस्तर निर्धारित है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों सहित समय पर उपस्थित हों, तथा किसी भी असुविधा से बचने के लिए कार्यालय से संपर्क करें।

## जिला शिक्षा अधिकारी के स्थानांतरण पर हुआ विदाई समारोह



समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** छ ग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार दंतेवाड़ा जिले में पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी सोहन कुमार अम्बस्ता का स्थानांतरण बिलासपुर कर दिया गया है । आदेश के परिपालन में आज 30 सितंबर 2025 को अपराह्न में कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया । जिसमें सहायक संचालक अहिल्या ठाकुर, जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, नेहा नाथ, राजेन्द्र पांडेय, कमल कर्मकार, प्रदीप सिंह, आशीष वर्मा सहित कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला मिशन समन्वयक ने जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में राज्य भर में 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट परिणामों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके कार्यकुशलता से ही यह संभव हुआ। इसके साथ ही सहायक संचालक ने उनके कार्यकाल को उल्लेखनीय बताते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। साथ ही इस दौरान स्थानांतरित अधिकारी सोहन कुमार अम्बास्ता ने दंतेवाड़ा में किये गए कार्यों और यहाँ के अनुभव को हमेशा के लिए यादगार बताया।

## वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों को शाल, वस्त्रम और श्रीफल तथा सहायक उपकरण देकर किया गया सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में आज ऑडिटोरियम एजुकेशन सिटी जावंगा, गीदम में अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस पर जिला स्तरीय वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वैसे तो वरिष्ठ जनों का सम्मान हर दिन, हर पल हमारे मन में होना चाहिए, लेकिन उनके प्रति मन में हुए इस सम्मान को व्यक्त करते के लिए एवं बुजुर्गों की देखभाल, उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में और आम जनों को इस विषय में चिंतन की आवश्यकता के लिए विशेष तौर पर अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। क्योंकि वरिष्ठजनों के अनुभव एवं ज्ञान से ही समाज का सर्वांगीण विकास होता है और नई पीढ़ी को बुजुर्गों के अनुभवों से सीख लेने की आवश्यकता है। एक माता पिता अपनी संतान की हर जरूरतों हर इच्छाओं को पूरा करने के लिए जीवन भर तत्पर रहते है अपना संपूर्ण जीवन बच्चों पर इसलिए न्यौछावर किया जाता है कि बच्चे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। अतः यह हम सब का परम दायित्व है कि उनके वृद्ध होने पर उनकी देखभाल में कोई कसर न छोड़े। उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से ही हम सब आज इस मुकाम पर पहुंचे है। इसके साथ ही उन्होंने केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा विशेष तौर पर वृद्धजनों हेतु संचालित पेंशन एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा विशेष रूप से वरिष्ठजनों हेतु कार्यक्रमों को लागू किया गया है जो उनके वृद्धावस्था को सुखमय बना सके। फिर चाहे वह राष्टीय वृद्धावस्था पेंशन योजना अथवा आयुष्मान वय वंदना कार्ड अथवा सहायक उपकरणों को प्रदाय करना हमारा यह कर्तव्य है कि इन योजनाओं का सीधा लाभ वरिष्ठजनों तक पहुंचने में हम एक कड़ी के रूप में कार्य करे। इसके अलावा कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने उपस्थित वरिष्ठजनों को नवरात्रि, दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता से लागू कर रही हैं इस क्रम में शासन की मंशानुरूप वृद्धावस्था पेंशन के लिए अब वृद्धजनों को घर पहुंच सेवा दी जा रही है और घर बैठे ही बैंक सखी के माध्यम से पेंशन प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा विकासखण्ड स्तर पर वृद्धजनों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



## खेल-व्यापार-मनोरंजन

### एशियाई चैंपियन टीम इंडिया ने जमकर किया अभ्यास आज से वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट



**अहमदाबाद।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच गुरुवार, 2 अक्तूबर से पहला टेस्ट खेला जाएगा। ये टेस्ट मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। जिसके लिए टीम इंडिया ने जमकर नेट प्रैक्टिस की और पसीना बहाया। कप्तान शुभमन गिल ने लंबे समय तक बल्लेबाजी की जबकि जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की तिकड़ी ने भी गेंदबाजी अभ्यास किया। सिराज ने जमकर पसीना बहाया।

वहीं इंग्लैंड के खिलाफ भारत की अंतिम टेस्ट सीरीज में 754 रन बनाने वाले शुभमन गिल कप्तान के रूप में अपनी पहली सीरीज में सबसे सफल बल्लेबाज रहे थे लेकिन अब उनके लिए सफेद गेंद के टी20 क्रिकेट से निकलकर जल्दी ही टेस्ट मैच में बल्लेबाजी करने की चुनौती होगी। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआत हो रहे टेस्ट सीरीज के लिए चुने गए बल्लेबाजों में शुभमन गिल एकमात्र ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्हें हाल में लाल गेंद से खेलने का कोई अनुभव नहीं है जबकि बाकी सभी को मौके मिल चुके हैं।

# सुमित अंतिल ने रचा इतिहास, भाला फेंक इवेंट में जीता तीसरा गोल्ड मेडल

**नई दिल्ली।** सुमित अंतिल विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे सफल भारतीय बन गए। सुमित ने भाला फेंक में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा कि वह 80 मीटर के आंकड़े को हासिल करने के लिए प्रयास करेंगे। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की स्टैंड में मौजूदगी से उत्साहित 27 वर्षीय सुमित ने पुरुषों के भाला फेंक एफ64 वर्ग का खिताब 71.37 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड थ्रो के साथ जीता।

सुमित ने गोल्ड मेडल जीतने के बाद कहा कि, देखिए हम यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि एक पैरा एथलीट के तौर पर हम कितनी दूरी तक जा सकते हैं क्योंकि मैंने अक्सर सुना है कि एक पैरा एथलीट इतना अच्छा नहीं फेंक सकता। इसलिए हम इस सवाल का जवाब ढूंढ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि, जब मैंने खेलना शुरू किया था तब किसी ने नहीं सोचा था कि एक पैरा एथलीट 70 मीटर फेंक सकता है। अब मैं ऐसा करने में सक्षम हूं इसलिए हम 75 मीटर या 80 मीटर फेंकने की कोशिश करेंगे। भविष्य में जब तक खेलना जारी रहेगा, हम 80 मीटर फेंकने की कोशिश करेंगे। सुमित ने कहा कि वह अपना ही वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ना चाहते थे लेकिन उन्हें अपने कंधे में सूजन महसूस हुई। भारत ने पुरुषों की भाला फेंक एफ44 इवेंट में संदीप सरगर के 62.82 मीटर के थ्रो के साथ एक आश्चर्यजनक गोल्ड मेडल भी जीता। इस स्पर्धा में मेजबान देश पहले दो स्थान पर रहा क्योंकि संदीप ने भी 62.67 मीटर के प्रयास के साथ सिल्वर मेडल जीता। ब्राजील के एडेनिलसन रॉबर्टो 52.36 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।




### महाभारत पर आधारित कुरुक्षेत्र 10 अक्टूबर को प्रीमियर होगी

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स ने खुलासा किया है कि उसकी आगामी एनिमेटेड सीरीज़, 'कुरुक्षेत्र' का ट्रेलर 1 अक्टूबर को रिलीज़ हुआ है। यह सीरीज़ 10 अक्टूबर को स्ट्रीमर पर प्रीमियर के लिए तैयार है। ÷कुरुक्षेत्र÷ की संकल्पना और रचना अनु सिक्का ने की है। सिक्का, आलोक जैन और अजित अंधारे के साथ मिलकर इस सीरीज़ का निर्माण भी करते हैं। हाई-टेक एनिमेशन स्टूडियो इस सीरीज़ के एनिमेशन का प्रबंधन करता है। इस सीरीज़ के बोल प्रसिद्ध गीतकार गुलज़ार ने लिखे हैं। यह सीरीज़ इस महाकाव्य युद्ध में शामिल 18 योद्धाओं के दृष्टिकोण पर केंद्रित है, उनके नैतिक संघर्षों और इतिहास को आकार देने वाले कठिन निर्णयों पर प्रकाश डालती है। इस शो का एक प्रमुख विषय भगवान कृष्ण के इन शब्दों में समाहित है, इस युद्ध में न कोई मित्र है, न कोई शत्रु। 'कुरुक्षेत्र' परिवारों के भीतर के संघर्षों, व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता और धर्मयुद्ध - धर्मयुद्ध - के भावनात्मक भार को दर्शाता है। यह अर्जुन के कठिन निर्णयों, द्रौपदी के न्याय के प्रति वचन, दुर्योधन की शक्ति की भूख और भीष्म पितामह के ज्ञान जैसे क्षणों को छूता है। अनु सिक्का द्वारा रचित और टिपिंग पॉइंट द्वारा निर्मित, इस सीरीज़ का लेखन और निर्देशन उजान गांगुली ने किया है। एनीमेशन हाईटेक एनिमेशन द्वारा किया गया है, और महान संगीतकार गुलज़ार के गीत कहानी में एक लयात्मक स्पर्श जोड़ते हैं। 'कुरुक्षेत्र' का उद्देश्य भारत के महानतम महाकाव्यों में से एक का अनुभव करने का एक नया तरीका प्रस्तुत करना है। यह सीरीज़ 10 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध होगी।



### बॉक्स ऑफिस पर ओजी का जलवा बरकरार, 275 करोड़ पार! 2025 की नंबर 1 फिल्म बनने के करीब

**मुंबई।** पवन कल्याण ने 'दे कॉल हिम ओजी' के साथ दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर अपनी सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बनाई है। दुर्भाग्य से, गैंगस्टर एक्शन ड्रामा अब टिकट खिड़कियों पर धीमी पड़ गई है। लेकिन यह 2025 में दुनिया भर में नंबर 1 टॉलीवुड फिल्म बनने से केवल 22 करोड़ रुपये दूर है। ओजी, जो कुछ समय के लिए पवन कल्याण की आखिरी फिल्म हो सकती है, ने धमाकेदार शुरुआत की और पहले दिन (पेड प्रीव्यू सहित) ?150 करोड़ से ज़्यादा की कमाई की। उसके बाद भारी गिरावट के बावजूद, ओजी ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी है, शुक्रवार से रविवार तक और फिर सप्ताह के दिनों में स्थिर रही। फिल्म ने अब भारत में छह दिनों में 154 करोड़ की शुद्ध कमाई (183 करोड़ की सकल कमाई) कर ली है। विदेशों में भी इसकी कमाई अब 1 करोड़ डॉलर को पार कर गई है। व्यापार अनुमानों के अनुसार, इस तरह छह दिनों के बाद फिल्म की दुनिया भर में कुल कमाई 275 करोड़ हो गई है। सुजीत द्वारा निर्देशित, ओजी में पवन कल्याण एक पूर्व गैंगस्टर की भूमिका में हैं, जो एक नए खतरे, ओमी (इमरान हाशमी की तेलुगु भाषा में पहली फिल्म) से निपटने के लिए मुंबई लौटता है।



## ऑगमोंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपने 800 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई (ए)।** भारत में व्यवसायों और उपभोक्ताओं को सेवा देने वाला एक एकीकृत सोना और चांदी का प्लेटफॉर्म और 31 अगस्त, 2025 तक, 24 राज्यों में उपस्थिति ऑगमोंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है।

AUGMONT

आईपीओ में 5 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू शामिल है, जो 620 करोड़ रुपये तक एकत्रित होता है, और 5 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का बिक्री प्रस्ताव शामिल है, जो 180 करोड़ रुपये तक एकत्रित होता है। कुल पेशकश का आकार 5 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों से बना है जो 800 करोड़ रुपये तक एकत्रित होते हैं। प्रवर्तक विक्रेता शेयरधारकों द्वारा बिक्री प्रस्ताव में नमिता केतन कोठारी द्वारा 60 करोड़ रुपये तक, विवेक पृथ्वीराज कोठारी द्वारा 60 करोड़ रुपये तक और डिंपल मुकेश कोठारी द्वारा 60 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं। कंपनी शुद्ध आय का उपयोग इन्वेंट्री की खरीद और रखरखाव के लिए भविष्य की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को निधि देने के लिए और 465 करोड़ रुपये की राशि की खरीद के उद्देश्य से अग्रिम मार्जिन आवश्यकताओं को निधि देने के साथ-साथ सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव करती है। ऑगमोंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड का परिचालन सोने और चांदी के मूल्य श्रृंखला के कई खंडों तक फैला हुआ है, जिसमें खरीद और शोधन बुलियन ट्रेडिंग, डिजिटल गोल्ड पेशकश, आभूषण निर्माण, अंतर्राष्ट्रीय बिक्री और स्वर्ण समर्थित वित्तीय सेवाओं को सुगम बनाना शामिल है। कंपनी भारत में उन कुछ कंपनियों में से एक है जो सोने और चांदी की खरीद के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों पर उपस्थिति रखती है। कंपनी दो व्यवसाय वर्टिकल में अलग-अलग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से काम करती है, जो उनके भौतिक वितरण नेटवर्क द्वारा पूरक हैं। एंटरप्राइज बिक्री और अंतर्राष्ट्रीय बिक्री; और उपभोक्ता-केंद्रित पेशकश, जो 'ऑगमोंट गोल्ड फॉर ऑल' प्लेटफॉर्म और ऑफलाइन माध्यमों के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।

## डॉलर पर निर्भरता घटाने के लिए आरबीआई ने उठाया बड़ा कदम, रुपए में वैश्विक व्यापार, जीडीपी अनुमान बढ़ा और महंगाई कम होगी

**मुंबई (ए)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार (1 अक्टूबर) को सीमा पार व्यापार के लिए भारतीय रुपये (आईएनआर) के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपायों की घोषणा की, जिसमें बैंकों को द्विपक्षीय व्यापार लेनदेन के लिए भूटान, नेपाल और श्रीलंका के गैर-निवासियों को भारतीय रुपये में ऋण देने की अनुमति देना शामिल है। इसके तहत बैंकों को भूटान, नेपाल और श्रीलंका के प्रवासी नागरिकों को द्विपक्षीय व्यापार के लिए भारतीय रुपये में ऋण देने की अनुमति दी गई है। गौरतलब है कि भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए भारतीय रुपये के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रहा है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि अधिकृत डीलर बैंकों को सीमा पार व्यापार लेनदेन के लिए भूटान, नेपाल और श्रीलंका के प्रवासी नागरिकों को भारतीय रुपये में ऋण देने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय रुपया आधारित लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों की मुद्राओं के लिए पारदर्शी संदर्भ दरें स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। आरबीआई ने कॉरपोरेट बॉन्ड और वाणिज्यिक पत्रों में निवेश के लिए उन्हें पात्र बनाकर विशेष रुपया वास्ट्रो खाता (एसआरवीए) शेष राशि के व्यापक उपयोग की अनुमति दी है।



## ►► न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर का हुआ आयोजन, 100 से अधिक मरीजों को मिला लाभ



**जांजगीर-चांपा।** स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत् गणेश विनायक आई हॉस्पिटल परशुराम चौक चांपा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर व आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया था। चिकित्सक डॉ. मयंक दुबे ने अपने चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में मुख्य रूप से नेत्ररोग से संबंधित मरीजो का निःशुल्क उपचार किया गया। इस प्रकार गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कुल 100 से अधिक मरीजो का निःशुल्क परामर्श सहित उपचार प्रदान किया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन किया गया। शिविर में मुक्त रूप से चिकित्सालय के संचालक डॉ. मयंक दुबे सहित समस्त स्टाफका योगदान रहा ।

## निधन



### शांतिलाल लाल यादव

**जांजगीर/तिलई।** ग्राम तिलई बंधवा पारा के प्रतिष्ठित नागरिक शांतिलाल लाल यादव का 01अक्टूबर को निधन हो गया। शांतिलाल यादव सेवानिवृत्त शिक्षक थे। उनका अंतिम संस्कार तिलई मुक्तिधाम में किया गया। दशगात्र कार्यक्रम गृह ग्राम तिलई में 10 अक्टूबर को सम्पन्न होगा ।

# वरिष्ठजनों के अनुभवों का लाभ लें नई पीढ़ी : विधायक भगत

### विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने कार्यक्रम शामिल होकर किया वरिष्ठजनों का सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता



**जशपुरनगर।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय वरिष्ठजन सम्मान समारोह एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला पंचायत सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, समाज कल्याण अधिकारी श्री समीर बड़ा सहित बड़ी संख्या पर वरिष्ठ जन कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती भगत ने वरिष्ठजनों को शाल, श्रीफल एवं सहायक उपकरण प्रदान कर वरिष्ठ जनों का सम्मान किया और कहा कि वरिष्ठजन हमारे समाज की नींव हैं, हमारी सांस्कृतिक विरासत, परम्परा को आज भी बनाये रखते हुए आने वाली पीढ़ी को स्थानांतरित करने का भी कार्य कर रहे हैं। आप सभी अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन कर रहे हैं। युवाओं और नई पीढ़ी को आवश्यकता है कि वृद्धजनों के अनुभवों, संस्कारों और परंपराओं को जाने और उनका लाभ भी लें। उन्होंने कहा कि इस दुनिया में जीवित भगवान का रूप होते हैं हमारे वरिष्ठ जन, जिन्होंने हमारा पालन पोषण किया और हमारी उन्नति के लिए हमेशा उचित मार्गदर्शन देने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी को बताया की शासन द्वारा वृद्धजनों की सहायता के लिए 70 से अधिक आयु वालों को 5 लाख तक निःशुल्क उपचार, पेंशन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही दवाइयों पर भी जीएसटी की दर शून्य कर दी गयी है।नगर पालिका अध्यक्ष श्री भगत ने कहा कि वृद्धजन हमारी युवा पीढ़ी के लिए परंपरा के संवाहक और संस्कृति के संरक्षक का कार्य करते हैं। हम सभी को अपने परिजनों एवं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए। शासन द्वारा वृद्धजनों के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनका आप सभी को लाभ लेना चाहिए, यह आपका अधिकार है। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि घर के वयोवृद्ध घर की नींव के समान होते हैं। जिन पर पूरा घर टिका होता है। हमें समाज और परिवार के निर्माण में उनके योगदान का सम्मान करना चाहिए। शासन द्वारा भी वरिष्ठजनों की सहायता के लिए वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007, पेंशन योजना, निःशुल्क बस पास, वय वंदना कार्ड द्वारा निःशुल्क उपचार जैसी कई योजनाएं बनाई गई हैं, जिनका सभी को लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ जनों की समस्याओं के निराकरण के लिए शासन एवं प्रशासन सदैव तत्पर है। इस अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें 320 से अधिक वरिष्ठजनों की स्वास्थ्य जांच करने के साथ सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए उनका पंजीयन भी किया गया। इसके अतिरिक्त जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड एवं पीएम वय वंदना कार्ड नहीं बना था, उनके रजिस्ट्रेशन का कार्य भी शिविर में किया गया।

# मुख्यमंत्री साय ने रतनपुर महामाया मंदिर में नवरात्रि पर की पूजा अर्चना



समवेत शिखर संवाददाता

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर रतनपुर स्थित ऐतिहासिक महामाया मंदिर पहुँचकर मां महामाया का दर्शन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने मंदिर प्रांगण में दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं से आत्मीय भेंट की और उन्हें नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह सहित महामाया ट्रस्ट के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# बिलासा इंजीनियरिंग गैराज से चोरी का पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**बिलासपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बिलासा इंजीनियरिंग गैराज से कार का सिलेंडर हेड और एल्युमिनियम पिस्टन चोरी करने वाले तीन आरोपियों को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

चोरी गए माल की कीमत लगभग ?40,000 आंकी गई है। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी सैयद आरिफ निवासी तालापारा ने 20 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने उनके गैराज का ताला तोड़कर कीमती पिस्टन चोरी कर लिया। इस घटना के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में पुलिस ने स्थानीय मुखबिर की सूचना के आधार पर 28 सितंबर को कार्रवाई की। पुलिस ने प्रदीप कौशिक और अजय यादव को एक्टिवा में लोहे का सामान ले जाते हुए पकड़ा।

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी दीनानाथ रजक के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। चकरभाठा पुलिस ने कहा कि यह गिरफ्तारी चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और अपराधियों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने का उदाहरण है।

इस चोरी में गैराज के मालिक को लगभग ?40,000 की आर्थिक हानि हुई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए नियमित गश्त और निगरानी बढ़ाई जा रही है। ऐसी घटनाएं अक्सर व्यवसायिक स्थलों पर सुरक्षा उपायों की कमी के कारण होती हैं। इसलिए व्यापारियों को अपने गैराज, दुकान या गोदाम की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

चकरभाठा पुलिस ने बताया कि इलाके में चोरी की घटनाओं पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाने को दें। पुलिस ने चोरी के दौरान प्रयुक्त वाहन, उपकरण और आरोपी व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित की है। इसके अलावा, चोरी की गई सामग्री की बरामदगी के लिए भी जांच जारी है।

# डांडिया नृत्य व भजन का हुआ आयोजन



समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर।** जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा शारदा मंदिर परिसर में नवरात्रि के अवसर पर श्रीमति मनीषा गोपाल जिला महिला प्रभारी पतंजलि एवं पार्षद के नेतृत्व में माता भजन व डांडिया नृत्य का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम संयोजक श्रीमति चमेली साहू जिला महा मंत्री महिला पतंजलि समिति ने बताया कि नवरात्रि पर्व में माता की आराधना भक्ति भाव के साथ की जाती है,शारदा मंदिर में माता का भजन गायन कर सभी के सुख समृद्धि की कामना की गई। विशेष अवसर पर पतंजलि समिति के सदस्यों द्वारा विविध आयोजन किया जाता रहा है,उसी तारतम्य में माता जस गीत व डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को दीपो से सजाया गया। इस दौरान श्रीमती निशा मिश्रा,श्रीमती प्रतिमा साहू,श्रीमति संतोषी साहू,पूजा गुप्ता, श्रीमती ममता यादव, आशा दुबे, श्रीमति विभा उपाध्याय ,श्रीमती जय भारती ,श्रीमती दीप श्री साहू, श्रीमती सरोजनी साहू , श्रीमती नीता यादव, सहित अधिसंख्य उपस्थित रहे।

# सचिव सहसंचालक ने किया में विभागीय गतिविधियों का निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ ग्रामोद्योग विभाग के सचिव सहसंचालक श्री श्याम धावड़े एवं श्री ए. आयाज, संयुक्त संचालक हथकरघा ने जिले में विभागीय गतिविधियों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नोलॉजी का निरीक्षण करते हुए संस्थान के कार्यों के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने शासकीय कोसा उत्पादन केंद्र महुदा (च) का अवलोकन कर कोसा कृमिपालकों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर प्रथम फसल में 143 हितग्राहियों द्वारा उत्पादित कोसा फल की राशि चालीस लाख अट्ठाइस हजार दो सौ अड़सठ रुपए का चेक हितग्राहियों को प्रदान किया गया। इसके उपरांत उन्होंने आदर्श बुनकर सहकारी समिति के बुनकर सदस्यों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान हेतु उचित मार्गदर्शन दिया। साथ ही, बुनकारी कार्यों में अधिक आमदनी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

ग्रामोद्योग से जुड़े हितग्राहियों को किया जाएगा प्रोत्साहित :

छत्तीसगढ़ ग्रामोद्योग विभाग के सचिव सहसंचालक श्री श्याम धावड़े एवं संयुक्त संचालक हथकरघा श्री ए. आयाज ने निरीक्षण उपरान्त कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे, सीईओ जिला पंचायत श्री गोकुल रावटे, एसडीएम जांजगीर एवं संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर सहित अधिकारियों से विभागीय कार्यों को प्रोत्साहन हेतु विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में सहायक संचालक रेशम श्री मधुप चंदन, सहायक संचालक श्री सौरभ सिंह ठाकुर, श्री बिहारी लाल पटेल उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री श्रीराम कथा महोत्सव में हुए शामिल

### जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य के दर्शन कर लिया आशीर्वाद, प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की

समवेत शिखर संवाददाता



**कोरबा।** कोरबा के एकदिवसीय प्रवास पर आए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कोरबा नगरीय क्षेत्र स्थित भवानी मंदिर परिसर में आयोजित श्री राम कथा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने परिसर में राम कथा वाचन के लिए आए श्री श्री 1008 जगद्गुरू रामभद्राचार्य के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने महोत्सव में आए श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए सभी को नवरात्रि एवं दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु के कोरबा आगमन से ऊर्जाधानी की धरती धन्य हो गयी है। उनका आशीर्वाद प्रदेशवासियों पर सदैव बनी रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की माटी माता कौशिल्या का मायके एवं हमारे आराध्य भगवान श्री राम का नौनिहाल है। यहां प्रभु श्री राम ने माता सीता एवं भाई लक्ष्मण के साथ अपने वनवास के दौरान अधिकांश समय यहां व्यतीत किया है। राजिम में भगवान श्री राम व माता सीता द्वारा कुलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना की गई है। जहां प्रतिवर्ष कुंभ मेला का आयोजन किया जाता है। हजारों श्रद्धालु स्नान कर पुण्य प्राप्त करते है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। आने वाले दिनों में हमारा राज्य विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में स्थापित होगा। देश के गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म करने का ध्येय रखा गया है । प्रदेश में नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। हमारे जवान बड़े साहस से नक्सलियों का सामना कर रहे है एवं हमें लगातर सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के खिलाफभी राज्य में कड़े नियम बनाकर कड़ाई के साथ लागू किया जाएगा।उन्होंने बताया कि श्री राम लला दर्शन योजना के माध्यम से राज्य से प्रतिमाह हजारों भक्तों को सरकारी खर्च से अयोध्या धाम में श्री राम के दर्शन का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने जगद्गुरू के अपील पर भवानी मंदिर स्थल का नामकरण कौशल्या धाम करने की घोषणा की।इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंदिर परिसर में माता भवानी एवं कौशल्या धाम मंदिर पहुँचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, शांति और समृद्धि की मंगल कामना की। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-पाठ करते हुए माता की प्रतिमा पर नारियल, पुष्प, चंदन एवं फल अर्पित कर आरती की। मुख्यमंत्री श्री साय ने नव-निर्मित कौशल्या धाम मंदिर में माता कौशल्या की मूर्ति का नमन किया। मंदिर में माता कौशल्या की गोद में बाल रूप में भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है।

# ओबीसी वर्ग की योजनाओं में अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना आयोग का मुख्य लक्ष्य: विश्वकर्मा

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष, केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त आईएएस (सेवानिवृत्त) आर.एस. विश्वकर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान आयोग के सदस्य श्री नीलांबर नायक, श्री बलदाऊ राम साहू, श्री हरिशंकर यादव, यशवंत सिंह वर्मा, कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय, वनमंडलाधिकारी श्री हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने आयोग के गठन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आयोग का उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा विभिन्न योजनाओं में ओबीसी वर्ग की सहभागिता बढ़ाना, अब तक योजनाओं से वंचित जातियों की पहचान करना तथा उनके हित में ठोस कदम उठाना प्राथमिकता है। उन्होने अन्य पिछड़ा वर्ग के समाजिक एवं आर्थिक सर्वे की पंचायतवार विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों आदिवासी विकास, समाज कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, पशुधन, मछली पालन, श्रम, शिक्षा, ग्रामोद्योग, रेशम तथा सांख्यिकी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस दौरान अध्यक्ष ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल और अन्य गतिविधियों से जोड़ने, स्कूलों में सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्यों ने जाति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही कठिनाइयों, क्रीमीलेयर और नॉन क्रीमीलेयर की स्थिति पर चर्चा करते हुए इसे दूर करने के लिए प्रशासनिक पहल करने पर बल दिया। साथ ही विद्यार्थियों हेतु छात्रावास भवन की मांग को भी प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों में हुए ओबीसी सर्वे की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा क्वांटिफिएबल डाटा तैयार किया जा रहा है और शासन की योजनाओं का लाभ ओबीसी वर्ग तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन किया जाएगा।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना : एचआईवी एड्स पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत समस्त परियोजनाओं में एचआईव्ही, एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों बालिकाओं एवं महिलाओं को एचआईव्ही, एड्स के बारे में बताते हुए इसके रोकथाम के उपायों को बताया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सहायता पर बात करते हुये बताया गया की यह एक विषाणुजनित रोग है जो कि असुरक्षित यौन संबंध, पीड़ित व्यक्ति से शारीरिक संबंध स्थापित करने, एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति पर उपयोग किए गए सर्जिकल इंजेक्शन के पुनः अन्य व्यक्ति पर उपयोग करने से एचआईव्ही, एड्स का संक्रमण होता है तथा संकमित माता-पिता से संतान में इसका संचरण हो सकता है जिस हेतु उपस्थित लाभार्थियों को एचआईव्ही, एड्स को जानने एवं इसके प्रति जागरूक किया गया।